डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति रविवार को प्रकाशित होता है। 26.07.2022 से 01.08.2022 वर्ष-39 अंक-30 कीमत ₹10.00

कोरोना से बचाव के सुरक्षा कवच को मजबूती देने अवश्य लगवाएं बूस्टर डोज - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश की जनता ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए पहला और दूसरा डोज लगवाने में देश में रिकॉर्ड स्थापित किया था। प्रदेश में लगभग 5 करोड़ लोग प्रिकॉशन डोज के लिए पात्र हैं। सितम्बर माह तक 75 दिन चलने वाले इस जनअभियान में हम सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं और सभी प्रदेशवासियों के सहयोग से सफल होंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कोविड-19 बीमारी से बचाव के सुरक्षा कवच को मजबूती देने के लिए संचालित कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर भोपाल के प्रोतिमा मलिक महिला पुलिस अस्पताल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 75 दिन तक चलने वाले कोविड वैक्सीन के बूस्टर डोज अभियान की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री ने सभी नव निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों से अपील की कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कोई भी पात्र व्यक्ति बिना बूस्टर डोज के न रहे। श्री चौहान ने प्रोतिमा मलिक महिला पुलिस अस्पताल में बने वैक्सीनेशन सेंटर का अवलोकन किया तथा टीका लगवाने आए व्यक्तियों से बातचीत कर प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जिस तरह से कोरोना संक्रमण का सामना किया, उससे विश्व चकित है। प्रधानमंत्री की पहल पर ही देशवासियों की संक्रमण से सुरक्षा के लिए निःशुल्क प्रिकॉशन डोज लगाने के लिए कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव आरंभ किया गया है। आजादी के 75वें वर्ष में शुरू हुआ यह अभियान 75 दिन तक निरंतर जारी रहेगा। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में 12 करोड़ 15 लाख वैक्सीन डोज पात्र व्यक्तियों को लगाए गए हैं। प्रदेश की 93 प्रतिशत पात्र जनसंख्या के टीकाकरण के लिए श्री चौहान ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का आभार मानते हुए कहा कि बूस्टर डोज लगाने में भी प्रदेश रिकॉर्ड बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के ऐसे समस्त व्यक्ति जिन्होंने कोविड-19 वैक्सीन की द्वितीय डोज उपरांत 6 माह की अवधि पूर्ण कर ली है, वे सभी प्रिकॉशन डोज के लिए पात्र हैं। जिन व्यक्ति को जिस वैक्सीन का द्वितीय डोज दिया गया है। उन्हें प्रिकॉशन डोज के रूप में भी वही वैक्सीन दी जाएगी। प्रदेश में 27 जुलाई, 3 अगस्त, 17 अगस्त, 31 अगस्त, 14 सितम्बर और 28 सितम्बर को जनभागीदारी से वैक्सीनेशन के लिए महाभियान चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने सभी सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों, धर्मगुरुओं, सामाज के प्रमुख व्यक्तियों से प्रिकॉशन डोज लगवाने के लिए जनसामान्य को प्रेरित करने की अपील की।

कार्यक्रम स्थल पर पूर्व आईएएस श्री रामसजीवन तथा उनकी पत्नी श्रीमती मिनोती राम सजीवन को को-वैक्सीन और श्री वासु पाण्डे को कोविशील्ड का प्रिकॉशन डोज लगाकर राज्य स्तरीय अभियान आरंभ किया गया। श्री अमित शर्मा, सुश्री दीपा पाण्डे ने भी प्रिकॉशन डोज लगवाया और श्री चौहान के साथ सेल्फी पाइंट पर फोटो लिए। मुख्यमंत्री ने प्रिकॉशन डोज लगवाने वाले नागरिकों को सर्टिफिकेट भी वितरित किये।

मुख्यमंत्री ने

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को दी बधाई

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के राष्ट्रपति पद पर निर्वाचन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित श्रीमती द्रौपदी मुर्मू संघर्ष, न्याय तथा मूल्यों के प्रति समर्पित सशक्त व्यक्तित्व हैं। वे सामाजिक परिवर्तन की संवाहक भी हैं। श्री चौहान ने हाल ही में श्रीमती मुर्मू की मध्यप्रदेश यात्रा को भी यादगार बताया और विश्वास व्यक्त किया कि श्रीमती मुर्मू मध्य प्रदेश की जनता के साथ ऐसा ही आत्मीय जुड़ाव बनाए रखेंगी।

बुरहानपुर बना देश का पहला हर घर जल सर्टिफाइड जिला

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर घर नल से जल उपलब्ध कराने के लक्ष्य की ओर मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनकी प्रेरणा से बुरहानपुर जिले ने जल जीवन मिशन से हर घर में नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने की अभूतपूर्व और गौरवपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। बुरहानपुर को देश में पहला हर घर जल सर्टिफाइड जिला बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर गांव में पानी पहुंचा कर बुरहानपुर ने देश को एक नई दिशा दिखाई है। जल जीवन मिशन में अब तक प्रदेश के 51 लाख 15 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है।

खास खबर

प्रधानमंत्री नेशनल एप्रेन्टिसशिप मेलों में 2288 अभ्यर्थियों का चयन

भोपाल, प्रदेश में कौशल विकास संचालनालय द्वारा 22 जिलों के आईआईटी संस्थानों में प्रधानमंत्री नेशनल एप्रेन्टिसशिप मेले लगाये गये। इन मेलों में विभिन्न उद्यमों एवं कम्पनियों द्वारा 2288 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

ये मेले बैतूल, भोपाल, हरदा, नर्मदापुरम, मण्डीदीप, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, भिण्ड, दतिया, अशोकनगर, गुना, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सागर, टीकमगढ़ एवं ओरछा में आयोजित किये गये। मेलों में आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग उत्तीर्ण और कौशल प्रमाण-पत्र धारक युवक-युवतियों ने भाग लिया। सफल अभ्यर्थियों को एप्रेन्टिसशिप एक्ट-1961 के अनुसार मानदेय एवं अन्य सुविधाएं मिलेंगी। मेलों में देश एवं प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित उद्यमों एवं कम्पनियों ने अभ्यर्थियों का चयन किया।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

राष्ट्रीय शिक्षा नीति

निजी महाविद्यालयों को देनी होगी रोज़गार प्राप्त विद्यार्थियों की जानकारी

भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के शासकीय, अशासकीय विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों से रोज़गार, स्व-रोज़गार, उद्यमिता और प्लेसमेंट प्राप्त विद्यार्थियों की जानकारी चाही गई है। यह जानकारी अभी तक केवल शासकीय महाविद्यालयों और कुछ विश्वविद्यालयों से ही प्राप्त होती थी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश को ध्यान में रखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थाओं से प्रतिमाह उक्त जानकारियां चाही हैं। अब प्रदेश के सभी 56 विश्वविद्यालयों और 1360 महाविद्यालयों द्वारा प्लेसमेंट एवं रोज़गार, स्व-रोज़गार की जानकारी प्रतिमाह स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के अधिकारिक मेल आईडी पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह जानकारी प्रत्येक माह समेकित कर शासन को प्रेषित की जाएगी, जिससे उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के रोज़गार के बारे में नियमित रूप से जानकारी प्राप्त हो सके।

उच्च शिक्षा विभाग का यह संकल्प निश्चित रूप से मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

महाविद्यालय में सीएलसी चौथे चरण के लिए आवेदन 30 जुलाई तक होंगे जमा

भोपाल, मध्यप्रदेश के महाविद्यालयों में सीएलसी के चौथे चरण के लिए विद्यार्थी 19 से 30 जुलाई तक एक से अधिक महाविद्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ कोई भी दस्तावेज संलग्न करने नहीं होंगे। आयुक्त उच्च शिक्षा श्री दीपक सिंह ने बताया कि आवेदक विद्यार्थियों को सीएलसी चौथे चरण के लिए आवेदन का प्रारूप उच्च शिक्षा विभाग के 'नवीन निर्देश' एवं एमपी ऑनलाइन के epravesh.mponline.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध होगा। साथ ही सीएलसी की प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने के लिए नवीन आवेदकों को पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीकृत आवेदकों के लिए ऑनलाइन सत्यापन, त्रुटि सुधार आदि की सुविधा पोर्टल पर 19 से 30 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी।

आयुक्त श्री सिंह ने बताया कि समस्त महाविद्यालय एक अगस्त को मेरिट लिस्ट तैयार कर महाविद्यालय की लॉगइन आईडी पर अपलोड तथा नोटिस बोर्ड पर चस्पा करेंगे। साथ ही ऑनलाइन शुल्क जमा करने के लिए लिंक भी इनिशिएट करेंगे। आवेदक विद्यार्थी 1 से 5 अगस्त तक शुल्क का ऑनलाइन भुगतान कर प्रवेश ले सकेंगे। उन्होंने महाविद्यालयों को निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन पंजीकृत विद्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

'हर घर तिरंगा' अभियान

डेढ़ करोड़ से अधिक घरों पर लहराया जाएगा तिरंगा- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 'हर घर तिरंगा' अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आजादी के अमृत महोत्सव में 'हर घर तिरंगा' अभियान में प्रदेश के डेढ़ करोड़ से ज्यादा घरों पर तिरंगा झंडा लहराया जाना है। उन्होंने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह और केंद्रीय संस्कृति मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी के साथ आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' अभियान की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल होने के बाद निवास कार्यालय में अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे।

श्री चौहान ने कहा कि इस अभियान के संबंध में फिर से विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी जुट कर कार्य करें और प्रदेशवासियों में अपने घरों पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए जागरूकता लाएं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से वर्चुअल चर्चा में कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव हर नागरिक के लिए गौरव की बात है। 'हर घर तिरंगा' अभियान ऐसा कार्यक्रम होगा, जो दुनिया में कभी नहीं मनाया गया होगा। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि हर नागरिक के दिल में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना और युवा पीढ़ी को देशभक्ति से ओत-प्रोत करना हमारा दायित्व है।

केंद्रीय संस्कृति मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान भारत को जागृत करने का अभियान है। इसमें हर घर पर तिरंगा लहराकर देशभक्ति का संदेश पहुंचाना है। सभी राज्य सरकारें इसके लिए समन्वित प्रयास करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

16 जुलाई

खादी ग्रामोद्योग आयोग ने लॉन्च किया नॉलेज पोर्टल

● खादी ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने खादी के लिये एक नॉलेज पोर्टल लॉन्च किया है। केवीआईसी की सीईओ सुश्री प्रीता वर्मा ने इस पोर्टल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सुश्री वर्मा ने कहा कि खादी के लिये नॉलेज पोर्टल का प्रयास खादी संस्थानों के व्यापक वर्ग तक डिजाइन नॉलेज का प्रसार करना है। यह खादी संस्थानों को डिजाइन निर्देश देने के लिये विकसित किया गया एक मंच है। इस पोर्टल का उद्देश्य रुझानों को सरल बनाकर खादी के लिये उपयुक्त डिजाइन बनाना है।

● यूरोपीय संघ (ईयू) के विदेश मंत्रियों ने रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों को और कठोर बनाने के साथ-साथ रूसी सोने के निर्यात पर पाबंदी लगाने के उपाय तलाशने पर जोर दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन कदमों से यूक्रेन युद्ध पर निर्णायक असर डालने में मदद मिलेगी। यह फैसला यूक्रेन के विदेश मंत्री दमित्रो कुलेबा द्वारा ईयू को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से युद्ध के ताजा घटनाक्रमों के बारे में सूचित किए जाने के बाद लिया गया। कुलेबा ने कहा कि वह ईयू द्वारा घोषित नयी सहायता के लिए उसके 'आभारी' हैं, जिससे 27 देशों के समूह की ओर से यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य मदद ढाई अरब यूरो पर पहुंच गई है। हालांकि, उन्होंने ईयू से और मदद देने की अपील की।

17 जुलाई

नौसेना ने आईएनएस सिंधु ध्वज पनडुब्बी को किया सेवामुक्त

● भारतीय नौसेना ने देश की 35 वर्ष सेवा करने के बाद आईएनएस सिंधु ध्वज पनडुब्बी

को सेवामुक्त कर दिया है। नौसेना की पूर्वी कमांड के प्रमुख वाइस एडमिरल विस्वजीत दास गुप्ता ने एक समारोह के दौरान इस पनडुब्बी को डीकमिशन किया। नौसेना ने बताया कि इस पनडुब्बी के प्रतीक चिन्ह में ग्रे रंग की नर्स शार्क को दर्शाया गया है। पनडुब्बी सिंधु ध्वज नाम का अर्थ है समुद्र (सिंधु) में ध्वज धारण करना। ये रूस द्वारा निर्मित सिंधु घोष श्रेणी की पनडुब्बी है, जो भारतीय नौसेना की आत्मनिर्भर यात्रा में शामिल रही है। यह पनडुब्बी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नवाचार के लिये सीएनएस रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित होने वाली एकमात्र पनडुब्बी है।

● केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस वर्ष से देश में नागरिकों के लिये टेली लॉ सेवा निःशुल्क की जा रही है। श्री रिजिजू ने कहा कि टेली लॉ सेवा ने कानूनी सहायता से वंचित लोगों को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिये देश की एक लाख ग्राम पंचायतों में कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) खोले हैं। इन सीएससी में उपलब्ध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग संसाधनों के माध्यम से वंचित लोगों को पैनल अधिवक्ताओं के साथ जोड़कर उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करने का कार्य किया है। टेली लॉ सेवा तक नागरिकों की सीधी और आसान पहुंच के लिये टेली लॉ मोबाइल एप्लीकेशन भी वर्ष 2021 में शुरू की गई थी। यह एप्लीकेशन 22 भाषाओं में उपलब्ध है। टेली लॉ के माध्यम से डिजिटल क्रांति लाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं।

18 जुलाई

भारत में कोविड टीकाकरण के 200 करोड़ डोज पूरे

● भारत ने कोरोना महामारी के खिलाफ चलाये गये टीकाकरण में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भारत ने कोरोना रोधी टीके के 200 करोड़ डोज लगाने के आंकड़े को पार कर लिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 200 करोड़ टीके लगाने के लक्ष्य को हासिल करने और कोविड के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने के लिये राष्ट्र को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने इस उपलब्धि को गर्व का क्षण बताया। कोविन पोर्टल के अनुसार अब तक देश में 98 प्रतिशत वयस्क आबादी को एक डोज तथा 90 प्रतिशत वयस्क आबादी का पूर्ण टीकाकरण हुआ है। देश में कोविड टीकाकरण की शुरुआत 16 जनवरी, 2021 को हुई थी। इसके बाद महज 548 दिनों में भारत ने 200 करोड़ डोज लगाने का रिकॉर्ड बनाया है।

● ग्रीस में यूक्रेन का एक कार्गो विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। ग्रीस के अधिकारियों के अनुसार उत्तरी ग्रीस के कवाला शहर के समीप यूक्रेन की एक विमानन कंपनी का मालवाहक विमान हादसे का शिकार हो गया। ग्रीस के नागरिक उड्डयन अधिकारियों ने बताया कि यह विमान सर्विया से जॉर्डन जा रहा था। विमान में आठ लोग सवार थे, जिनकी मृत्यु हो गई है। बताया जा रहा है कि इस विमान में 12 टन विस्फोटक सामग्री ले जाई जा रही थी। विमानन अधिकारियों ने बताया कि विमान के पायलट ने विमान के इंजन में दिक्कत की सूचना दी थी।

19 जुलाई

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के बिना क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध संभव नहीं

● वर्चुअल करेंसी देश की अर्थव्यवस्था के लिये खतरा है। यह जानकारी केंद्रीय वित्त

मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने संसद में एक सवाल के जवाब में दी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के बिना क्रिप्टोकरेंसी पर रोक या प्रतिबंध संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का मानना है कि क्रिप्टोकरेंसी पर रोक लगाना चाहिये, क्योंकि यह किसी देश की मौद्रिक और वित्तीय स्थिरता के लिये खतरनाक है। आरबीआई ने इस संबंध में कानून बनाने का सुझाव दिया है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के बिना इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। क्रिप्टोकरेंसी किसी एक देश की सीमा तक सीमित नहीं है, वैश्विक स्तर पर इसका कारोबार चल रहा है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से क्रिप्टोकरेंसी को लेकर सभी देशों के लिये एक समान मानक तय करने होंगे।

● पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच चल रहे गतिरोध को हल करने के लिये दोनों देशों के बीच वार्ता जारी रहेगी। भारत और चीन के बीच सैन्य कमांडरों की 16वें दौर की वार्ता हुई। इस वार्ता में लंबित मुद्दों के समाधान को लेकर सहमति नहीं बन सकी। वार्ता के बाद दोनों देशों द्वारा जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा कि दोनों पक्षों में पिछले दौर की बातचीत से आगे सकारात्मक और उत्साहजनक बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने कहा कि लंबित मुद्दों को जल्द समाधान से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर मैत्रीपूर्ण माहौल बनेगा।

20 जुलाई

देश में सरकारी स्कूलों के सभी विद्यार्थियों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

● देश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की नियमित जांच की जायेगी। केंद्र सरकार ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 11.80 करोड़ विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच की योजना बनाई है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने सभी मेडिकल कॉलेजों के डीन और प्रिंसिपल से कहा कि जब भी राज्य सरकार स्वास्थ्य चेकअप संबंधी कोई सूचना दे, तो उसका पालन किया जाये। इसके लिये मेडिकल कॉलेजों को स्कूलों में इंटर्न और रेजिडेंट डॉक्टर भेजने होंगे। सरकार ने इस योजना के लिये शिक्षा विभाग की ओर से एक निदेशक और उप सचिव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इन अधिकारियों का काम तकनीकी लोगों की मदद से विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच के लिये आयु के अनुरूप मानदंड बनाना है।

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) को संकट से उबारने

के लिये एक प्लान तैयार किया है। आरबीआई ने यूसीबी के लिये जमा राशि के आकार के आधार पर चार स्तरीय सरल नियामकीय ढांचा अपनाने का फैसला किया है। आरबीआई ने पूर्व डिप्टी गवर्नर एन.एस. विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति की यूसीबी को मजबूत करने को लेकर दी गई सिफारिशों के आधार पर यह फैसला किया है। समिति ने जिस नियामकीय ढांचे की सिफारिश की थी, उसमें यूसीबी के नेटवर्थ, जोखिम भारित संपत्ति अनुपात (सीआरएआर), शाखा विस्तार और जोखिम सीमा जैसे मापदंड प्रमुख हैं।

21 जुलाई

मई माह में ईपीएफओ से जुड़े 16.82 लाख नये सदस्य

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मई 2022 माह में 16.82 नये अंशधारक जोड़े हैं। यह आंकड़ा मई 2021 की तुलना में 83 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले वर्ष मई माह में 7.62 नये सदस्य ईपीएफओ से जुड़े थे। इस वर्ष इस आंकड़े में 9.2 लाख की वृद्धि हुई है। ईपीएफओ ने बयान में कहा कि देश में संगठित क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर बढ़ रहे हैं। ईपीएफओ के अनुसार मई 2022 में जोड़े गये कुल 16.82 लाख अंशधारकों में से लगभग 9.60 लाख अंशधारकों को कर्मचारी भविष्य

निधि और विविध प्रावधान अधिनियम 1952 के तहत पहली बार जोड़ा गया है। वहीं लगभग 7.21 लाख सदस्य नौकरी बदलने के कारण ईपीएफओ छोड़ने और दोबारा उसमें शामिल हो गये हैं।

● अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की प्रस्तावित ताइवान यात्रा पर चीन भड़क गया है। चीन के विदेश मंत्रालय ने नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा पर कड़ा ऐतराज व्यक्त करते हुये कहा कि अगर अमेरिका अपनी योजना पर आगे बढ़ता है, तो चीन भी कड़े कदम उठायेगा। चीन इस यात्रा के विरुद्ध मजबूत और दृढ़ डिप्लोमेटिक उपाय करेगा। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियांग ने कहा कि नैंसी पेलोसी की यात्रा चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करेगी। ये अमेरिका और चीन के संबंधों की नींव को भी प्रभावित करेगी। उल्लेखनीय है कि नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा अगस्त में प्रस्तावित है, जो पहले अप्रैल में होनी थी।

22 जुलाई

इरडा ने बीमा कंपनियों को दी अस्पतालों को चुनने की स्वतंत्रता

● भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने साधारण बीमा कंपनियों को अपने मानकों के अनुरूप अस्पताल चुनने की अनुमति दी है। इरडा ने कैशलेस सुविधा को बढ़ावा देने के लिये अपने मानकीकरण दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। पहले साधारण बीमा कंपनियां सिर्फ बीमा सूचना ब्यूरो (आईआईबी) की तरफ से तय अस्पतालों को ही पैनल में शामिल कर सकती थीं, लेकिन अब बीमा कंपनियां अपने मानकों के हिसाब से नेटवर्क अस्पताल चुन सकेंगी। इरडा ने नियमों में ढील इस शर्त पर दी है कि बीमा कंपनी के बोर्ड को अस्पताल पैनल में शामिल करने से पहले उसके न्यूनतम कर्मचारी और बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखना होगा। साथ ही पैनल में शामिल करने के मानदंड अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करने होंगे।

● केंद्र सरकार ने वर्ष 2021-22 के दौरान फेक न्यूज (फर्जी समाचार) फैलाने वाली 747 वेबसाइटों, 94 यूट्यूब चैनलों और 19 सोशल मीडिया खातों पर कार्रवाई करते हुये उन्हें प्रतिबंधित किया है। यह जानकारी केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने संसद के मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में दी। श्री ठाकुर ने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि ये कार्रवाई सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 69ए के तहत की गई है। सरकार ने फर्जी समाचार फैलाकर और इंटरनेट पर दुष्प्रचार कर देश की संप्रभुता के खिलाफ काम करने वाली एजेंसियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार फेक न्यूज फैलाने वाली वेबसाइटों पर लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ
CTET परीक्षा तिथि दिसंबर 2022
PNST(नर्सिंग)
NEET/ PV&FT
11th 12th/CUET
PCB COMMERCE ARTS
बालाजी ट्यूटोरियल्स (Since 2004)
ऑफिस: 221, वेदा बिल्डिंग, भैंवरकुआ इन्दौर
98930-53653
R-47289/2022

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 30 25.07.2022 से 31.07.2022
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

पशुपालकों के कार्य को आसान बनायेगी ए-हेल्प महिला कार्यकर्ता

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को उन्नत बनाने के लिये केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और मत्स्य पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों की पशुसखी के रूप में कार्य करने वाली महिला सदस्यों को ए-हेल्प के रूप में प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया। ए-हेल्प अपने क्षेत्र की विस्तार कार्यकर्ता होंगी। वह पशुपालकों के संपर्क में रहेंगी और पशुपालन विभाग एवं पशुपालकों के बीच संयोजक कड़ी होंगी, जिन्हें लगातार अपने कार्य के लिये प्रशिक्षण दिया जायेगा। योजना से राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की महिला सदस्य को विभिन्न योजनाओं में भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। वह अपने आसपास के क्षेत्रों में पशुपालकों को शासन की सभी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायेंगी। सामान्यतः एक गांव में एक ए-हेल्प होगी। ए-हेल्प, पशु चिकित्सकों को स्थानीय विभागीय कार्यों में सहयोग करने के साथ अपने क्षेत्र के पशुपालकों के संपर्क में रहेगी। वह क्षेत्र के समस्त पशुधन और कुक्कुट संख्या का रिकॉर्ड ब्लॉक स्तर के पशु चिकित्सकों के साथ साझा करेगी। जिससे पशुपालन गतिविधियों का क्रियान्वयन आसान हो जायेगा और दुग्ध उत्पादन आदि पर सीधा असर पड़ेगा। ए-हेल्प पशुपालकों को कान की टैगिंग के लिये चिन्हित कर अवगत करायेगी और टैगिंग का डाटा इनाफ पोर्टल पर दर्ज कराना सुनिश्चित करेगी। वह अपने क्षेत्र के पशुपालकों को पशुओं के रख-रखाव, टीकाकरण, विभिन्न विभागीय योजनाओं के लाभ के बारे में बतायेगी। ए-हेल्प पशुपालकों को पशुधन बीमा करवाने और लाभ दिलाने में भी मदद करेगी। इन्हें संतुलित राशन बनाना भी सिखाया जायेगा। वह चारा उत्पादन के लिये भी प्रोत्साहित करेगी। सभी ए-हेल्प को फर्स्ट एड किट भी दी जायेगी। ए-हेल्प की भूमिका राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में एफएमडी एवं बुशैला टीकाकरण, पीपीआर उन्मूलन, क्लासिक स्वाइन फीवर नियंत्रण और राष्ट्रीय गोकुल मिशन में कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में महत्वपूर्ण होगी। इसी प्रकार डेयरी गतिविधियों का प्रसार एवं क्रियान्वयन, गौ-भैंस वंशीय पशुओं को कान में टैग लगाना, किसान उत्पादक संगठनों को पशुपालन में उद्यमिता विकास के लिये प्रोत्साहित करने, विभिन्न विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग और निचले स्तर तक पशुपालकों को जानकारी उपलब्ध कराने में ए-हेल्प की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उल्लेखनीय है मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण बड़ी संख्या में पशुपालन करते हैं। इनमें मुख्य रूप से गाय-भैंस शामिल हैं। ग्रामीण गाय और भैंस के दुग्ध उत्पादन से अपने लिये अतिरिक्त आय प्राप्त करते हैं। शासन की ए-हेल्प महिला कार्यकर्ता सुविधा से उन्हें अपने पशुओं की बेहतर देखभाल करने में मदद मिलेगी।

समुद्र में खत्म होगा माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण

समुद्र में माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। यह प्रदूषण दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। चीनी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने इस क्षेत्र में काम किये हैं। चीन के दक्षिण-पश्चिम स्थित सिचुआन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक रोबोटिक मछली विकसित की है, जो सूक्ष्म प्लास्टिक यानी माइक्रोप्लास्टिक खाती है। इससे समुद्र से माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने में मदद मिलेगी। इसे विकसित करने वाले वैज्ञानिक वांग युआन ने कहा कि यह मछली छूने से बिल्कुल असली मछली जैसी महसूस होती है। इसकी लंबाई मात्र 1.3 सेंटीमीटर यानी आधा इंच है। यह मछली छिछले पानी में माइक्रोप्लास्टिक को अपने अंदर खींच लेती हैं। अब वैज्ञानिक इस मछली को समुद्र की गहराई में गोते लगाने लायक बना रहे हैं। वांग युआन ने बताया हमने इतनी छोटी और हल्की रोबोट फिश बनाई है, जिसका उपयोग कई तरह से किया जा सकता है। यह बायोमेडिकल और गंभीर सर्जरी में भी काम आ सकती है। उन्होंने कहा हम भविष्य में इसे इतना छोटा बनायेंगे कि यह मानव शरीर के किसी भी हिस्से में मौजूद बीमारी को ठीक कर सके। यह रोबोटिक मछली नीयर इंफ्रारेड रोशनी (एनआरआर) की दिशा में आगे बढ़ती है। रोशनी कम-ज्यादा करके इसकी दिशा और गति को नियंत्रित किया जा सकता है। वांग युआन ने कहा अगर इस मछली को समुद्र में किसी बड़ी मछली ने खा भी लिया तो कोई दिक्कत नहीं होगी। इसका शरीर पॉलीयूरीथेन से बना है, जो जैविक तरीके से गलता है। यह मछली अपने शरीर से करीब पौने तीन गुना ज्यादा दूरी प्रति सेकेंड की गति से तय करती है। यह दुनिया में बनाया गया अब तक का सबसे तेज गति से चलने वाला रोबोट है। माइक्रोप्लास्टिक पांच मिलीमीटर से छोटे प्लास्टिक के कण होते हैं। इनका आकार एक तिल के बीज के बराबर हो सकता है। प्लास्टिक अलग-अलग रास्तों से होकर समुद्र में पहुंच जाता है, जहां सूरज हवा या अन्य कारणों से प्लास्टिक सूक्ष्म कणों में टूट जाता है, जो माइक्रोप्लास्टिक बनाता है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस | **30 जुलाई**

हर मोड़ पर जो साथ दे वही सच्चा मित्र

मैत्री की बड़ी सुखद छाया
शीतल हो जाती है काया
धिक्कार-योग्य होगा वह नर
जो पाकर भी ऐसा तरुवर
हो अलग खड़ा कटवाता है
खुद आप नहीं कट जाता है।
जिस नर की बांह गही मैंने
जिस तरु की छांह गहि मैने
उस पर न वार चलने दूंगा
कैसे कुठार चलने दूंगा
जीते जी उसे बचाऊंगा
या आप स्वयं कट जाऊंगा
मित्रता बड़ा अनमोल रतन
कब उसे तोल सकता है धन?
धरती की तो है क्या बिसात?
आ जाय अगर बैकुंठ हाथ।
उसको भी न्योछावर कर दूं
कुरूपति के चरणों में धर दूं।
'सिर लिए स्कंध पर चलता हूं
उस दिन के लिए मचलता हूं
यदि चले वज्र दुर्योधन पर
ले लूं बढ़कर अपने ऊपर।
कटवा दूं उसके लिए गला
चाहिए मुझे क्या और भला?

डॉ. रामधारी सिंह दिनकर की लोकप्रिय रचना रश्मिरथी के तृतीय सर्ग में कर्ण कृष्ण संवाद के बहाने कवि ने मित्रता के बारे में जो बातें कहीं हैं वह अपने आप में अनूठी हैं। आदर्श मित्रता का ऐसा वर्णन विरले ही देखने को मिलता है। प्रसंग हालांकि कर्ण और दुर्योधन का है, लेकिन ऐसी मित्रता क्या अब भी पाई जाती है? ऐसे संबंध आज के समय में भी हैं क्या? क्या आज हम इस तरह के मूल्यों और ऐसे लोगों की कल्पना कर सकते हैं? कर्ण जैसे मित्र का कोई दूसरा उदाहरण हमारे हजारों वर्षों के इतिहास में नहीं मिलता है। वैसे तो दोस्ती एक ऐसा रिश्ता है, जिसे हम हर पल हर दिन जीते हैं, लेकिन इसके लिए एक दिवस तय किया गया, जिसे 30 जुलाई को प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस का इतिहास

दोस्ती के प्रतीक के रूप में पहचाने जाने वाले इस दिन की शुरुआत सन् 1919 में हुई, जिसका श्रेय हॉलमार्क कार्डस् के संस्थापक जॉएस हॉल को जाता है। लोग उन दिनों अपने दोस्तों को फ्रेंडशिप डे कार्ड भेजा करते थे। उन दिनों से शुरू हुआ यह सिलसिला बदस्तूर आज भी जारी है। अगस्त के पहले रविवार को यह खास दिन मनाने के पीछे वजह यह थी कि अमेरिकी देशों में यह समय ऐसा होता है, जब दूर-दूर तक किसी पर्व-त्यौहार की छुट्टी नहीं होती।

2011 से वैश्विक स्तर पर मनाने की शुरुआत

सन् 1958 में 30 जुलाई को औपचारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय फ्रेंडशिप डे (विश्व मैत्री दिवस) की घोषणा की गई थी। बताया जाता है कि डॉक्टर अर्टरमिओ ने अपने दोस्त ब्राचो के साथ पैरागुए नदी के पास रात्रि भोजन किया था। पहली बार पैरागुए में ही इस दिन को मनाया गया था। दक्षिण अमेरिकी देशों में सबसे पहले इस दिन को उत्सव के रूप में मनाने की शुरुआत हुई थी। 2011 में संयुक्त राष्ट्र ने प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस 30 जुलाई को मनाने का निर्णय लिया था। यह खास दिन संस्कृति, विचारधारा और देशों की सरहद से परे जाकर मित्रता निभाने के लिए प्रेरित करता है। इस खास दिन के अवसर पर तत्कालीन संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान-की-मून ने कहा था कि 'इस अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस पर, चलिए हम सौहार्द का माहौल बनाएं, जो हमारी मानवता को मजबूत करे और मानव जाति के कल्याण को प्रोत्साहित करे।' इस विचार का मुख्य उद्देश्य देशों में, लोगों में और भिन्न-भिन्न मूल की संस्कृति और सभ्यताओं में मित्रता को प्रोत्साहित करना है, जिससे कि उनके बीच शांति और मैत्री का संबंध और मजबूत हो। संयुक्त राष्ट्र विभिन्न समुदाय और संस्कृति

वाले देशों और लोगों के बीच स्वस्थ संवाद को बढ़ावा देने हेतु अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, विभिन्न देशों की सरकारों और सामान्य लोगों को विभिन्न कार्यक्रम और अन्य गतिविधियां आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करता है, ताकि संवाद और संस्कृति के आदान-प्रदान की मदद से रिश्तों को बेहतर किया जा सके। वर्ल्ड फ्रेंडशिप क्रूसेड ने संयुक्त राष्ट्र से 30 जुलाई को मित्रता दिवस के रूप में मनाने का आग्रह किया। यूनेस्को के प्रस्ताव के बाद इसे मनाने का निर्णय लिया गया। 1997 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसमें शांति की संस्कृति को बढ़ावा देने का आह्वान किया। 1998 में संपूर्ण विश्व के बच्चों के लिए शांति और अहिंसा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 2001 से 2010 तक विशेष अंतर्राष्ट्रीय दशक के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

विश्व में अलग-अलग दिन मनाते हैं यह दिवस

दक्षिण अमेरिकी देशों में जुलाई महीने को काफी पावन माना जाता है, इसलिए जुलाई के अंत में ही इस दिन को मनाते हैं। यूनाइटेड नेशंस ने भी इस दिन पर अपनी मुहर लगा दी थी। अंतर्राष्ट्रीय मैत्री दिवस (अथवा फ्रेंडशिप डे) प्रत्येक वर्ष विश्व के कई देशों में मनाया जाता है। हालांकि दोस्ती का यह त्यौहार दुनियाभर में अलग-अलग तिथियों को मनाया जाता है, लेकिन इसके पीछे की भावना हर जगह एक ही है- 'दोस्ती का सम्मान'। दक्षिण अमेरिकी देशों से शुरू हुआ यह त्यौहार उरुग्वे, अर्जेंटीना, ब्राजील में 20 जुलाई को, परागवे में 30 जुलाई को, जबकि भारत, मलेशिया, बांग्लादेश आदि दक्षिण एशियाई देशों सहित दुनियाभर के बाकी देशों में यह अगस्त महीने के पहले रविवार को मनाते हैं।

इतिहास और पौराणिक कथाओं में मित्रता के प्रसिद्ध किस्से

कृष्ण-सुदामा : कृष्ण-सुदामा की मित्रता की कथा बहुत प्रचलित है। सुदामा गरीब ब्राह्मण थे और कृष्ण द्वारिका के राजा। लेकिन जब सुदामा के आने की खबर कृष्ण को मिलती है, तो वह द्वार तक दौड़ते हुए आकर मिलते हैं। बिना सुदामा के कुछ कहे कृष्ण उनकी परेशानी को जानकर उसे दूर भी करते हैं।

अकबर-बीरबल : बादशाह अकबर और उनके मंत्री बीरबल की दोस्ती भी काफी मशहूर है। बीरबल मुगल बादशाह के नवरत्नों में सर्वाधिक लोकप्रिय दरबारी थे। अकबर उन पर बहुत भरोसा करते थे और वे बीरबल के गुणों के कायल थे। बीरबल भी अकबर को बहुत सम्मान दिया करते थे। बीरबल गरीब, लेकिन बुद्धिमान थे। अपनी बुद्धिमानी और समझदारी के कारण ही वे अकबर के खास रहे। जब वे अकबर बादशाह की सेवा में पहुंचे, तब अपनी चतुराई और हंसोड़पन से बादशाह के दरबार के चहेते बन गए। अकबर-बीरबल के किस्से आज भी बेहद लोकप्रिय हैं।

चैतन्य महाप्रभु-पंडित रघुनाथ : चैतन्य महाप्रभु बचपन से ही बेहद प्रतिभाशाली थे। माता-पिता उन्हें प्यार से निमाई कहते थे। निमाई के एक बहुत गहरे मित्र थे पंडित रघुनाथ। वह न्याय पर एक ग्रंथ लिख रहे थे। तभी उन्हें पता चला कि उनके मित्र निमाई भी उसी विषय पर ग्रंथ की रचना कर रहे हैं। यह जानकर पंडित रघुनाथ ने निमाई से वह ग्रंथ देखने की इच्छा जताई। उस समय निमाई गंगा की ओर जा रहे थे। पंडित रघुनाथ के कहने पर उन्होंने ग्रंथ साथ में रख लिया। नाव में बैठकर निमाई ने ग्रंथ पढ़ना शुरू किया। जैसे-जैसे वह ग्रंथ पढ़ते जाते, वैसे-वैसे पंडित रघुनाथ का चेहरा फीका पड़ता जाता। वह रोने लगे। निमाई ने पूछा, 'क्या बात है, मित्र! रो क्यों रहे हो?' रघुनाथ बोले, 'निमाई, मैंने अथक प्रयासों के बाद न्याय पर एक ग्रंथ लिखा है, पर तुम्हारी अवधारणाओं और विचारों के आगे वह कुछ भी नहीं।' निमाई मुस्कराते हुए बोले, 'बस मित्र इतनी-सी बात के लिए परेशान हो रहे हो।' इसके बाद उन्होंने झट अपना ग्रंथ गंगा को समर्पित कर दिया और बोले, 'यह तो मात्र मेरे द्वारा रचित एक ग्रंथ है। मित्र के लिए तो मैं अपने प्राण भी दे सकता हूं।' निमाई का त्याग देखकर पंडित रघुनाथ दंग रह गए और बोले, 'मित्र, तुम महान हो और तुम्हारी महानता को सभी याद रखेंगे।'

रामप्रसाद बिस्मिल-अशफाक उल्ला खां: शहीद क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाक उल्ला खां काकोरी कांड में दोनों मुख्य आरोपी थे। दोनों के बीच में गहरी मित्रता थी। दोनों एक-दूसरे को जान से भी ज्यादा चाहते थे। दोनों ने जान दे दी, पर एक-दूसरे को धोखा नहीं दिया। रामप्रसाद बिस्मिल पंडित थे, जबकि अशफाक मुस्लिम, वो भी पांच वक्त के नमाजी। पर दोनों के बीच कभी मजहब नहीं आया, क्योंकि दोनों का मकसद एक ही था। आजाद मुल्क। एक बार मुस्लिम समाज से जुड़े दर्जनों लोग आर्य समाज के मंदिर में रामप्रसाद बिस्मिल को मारने पहुंच गए थे क्योंकि उन्हें लगता था कि बिस्मिल ने अशफाक को बहलाया है। जब यह घटना हुई उस वक्त अशफाक भी वहां मौजूद थे। उन्हें जब इसका पता लगा तो वह मंदिर के मुख्य द्वार पर दीवार की तरह खड़े हो गए। काफी मजबूत कद काठी के अशफाक को देखकर भीड़ बाहर ही रुक गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिस्मिल को हाथ लगाने से पहले सभी को पहले उनसे निपटना होगा। अशफाक के तेवरों को देखते हुए भीड़ लौट गई।

मित्रता की यह कथाएं बताती हैं कि दोस्ती अमीरी-गरीबी, ऊंच-नीच हर भेद से ऊपर है। खून के रिश्ते हमें परिवार में मिलते हैं, लेकिन दोस्त वह हैं, जिन्हें हम खुद चुनते हैं और जो हमारे हर सुख-दुःख में साथ होते हैं। कई बार जब हमारे अपने भी हमारे खिलाफ होते हैं तब वो सच्चे दोस्त ही होते हैं, जिन्हें हमारी काबिलियत पर भरोसा होता है और वह हमारे साथ हर कदम पर खड़े होते हैं।

जिन्ह के अति मति सहज न आई
ते सठ कत हरि करत मिताई।
कुपंथ निवारि सुपंथ चलावा
गुन प्रगटै अव गुनन्हि दुरावा।।

दोहे की प्रथम पंक्ति में गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं कि जिन व्यक्तियों को ऐसी बुद्धि प्राप्त नहीं हुई है, अर्थात जो स्वभाव से ही इस ज्ञान से अपरिचित हैं, वह मूर्ख, मंदबुद्धि हठ करके किसी से भी मित्रता क्यों करते हैं? जब वह मित्र के धर्म का पालन नहीं कर सकते तो वह मित्र बनने की इच्छा क्यों व्यक्त करते हैं? वास्तव में सच्चा मित्र तो वही होता है जो अपने मित्र को कुपथ, अर्थात बुरे मार्ग से हटाकर सुमार्ग पर चलाता है, जो उसके गुणों को प्रकट कर उसे उत्साहित करता है और उसके अवगुणों को छुपाता है। यह बात मूर्ख व्यक्ति नहीं समझ सकते, वह तो केवल हठ कर के मित्रता करते हैं। यदि मित्र अपने कर्तव्य का पालन न कर पाए, तो फिर ऐसी मित्रता का क्या लाभ। अतः इस दोहे से हमें यह शिक्षा मिलती है कि व्यक्ति के जीवन में मित्र की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। मित्रता का संबंध जुड़ जाने के बाद व्यक्ति के ऊपर कई जिम्मेदारियां आ जाती हैं जिनका निर्वाह करने पर ही यह संबंध सार्थक होता है।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेंसी एरिया - इंदौर

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग - मध्यप्रदेश शासन हेतु स्त्री रोग विशेषज्ञ के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

विज्ञापन क्रमांक
03/2022/20.07.2022

ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 01.09.2022

आयोग कार्यालय में अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 16.09.2022

महत्त्वपूर्ण

1. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग हेतु स्त्री रोग विशेषज्ञ के पदों की पूर्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक अर्हता निम्नानुसार है:-

अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता :-
भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सी.पी.एस. डिप्लोमा अथवा समतुल्य अर्हता अथवा भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संबंधित विषय में सुपर स्पेशलिटी डिग्री/डिप्लोमा।

समतुल्य अर्हता :-
भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा अर्हता प्राप्त विदेशी उपाधिधारी।

वांछनीय अर्हता :-
मध्यप्रदेश चिकित्सा परिषद् में स्थायी पंजीयन

रोज़गार पंजीयन -

(क) माननीय उच्च न्यायालय मुख्य पीठ जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक 5096/2022 में पारित अंतिम आदेश दिनांक 08.03.2022 के अनुपालन में अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को रोज़गार कार्यालय में पंजीयन से मुक्त रखा गया है।

(ख) मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को जीवित रोज़गार पंजीयन आवेदन करते समय आवश्यक नहीं होगा किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय मध्यप्रदेश के रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(ग) मध्यप्रदेश शासन की सेवा में कार्यरत - शासकीय/निगम/मण्डल/उपक्रम/आयोग/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक-अभ्यर्थियों को विभाग/कार्यालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र को मान्य किया जाएगा। उपरोक्तानुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर रोज़गार पंजीयन से छूट रहेगी।

2. आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे आवेदन पत्र दिनांक 02.08.2022 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 01.09.2022 (दोपहर 12:00 बजे) तक **www.mponline.gov.in,** तथा **https://mppsc.mp.gov.in** पर भरे जा सकते हैं।

3. आवेदक ऑनलाइन आवेदन करने तथा आवेदन शुल्क का भुगतान करने के पश्चात ऑनलाइन आवेदन-पत्र का प्रिंट आउट प्राप्त करें तथा आवेदन पत्र में उल्लेखित भुगतान विवरण से यह सुनिश्चित कर लें कि शुल्क भुगतान हो चुका है। उक्त ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ अपनी अर्हता से संबंधित सभी अभिलेखों तथा अनुप्रमाणन-पत्रक, व्यक्तिगत विवरण-पत्रक एवं उपस्थिति-पत्रक (आयोग की वेबसाइट **https://mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध) की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न कर आयोग कार्यालय में दिनांक 16.09.2022 तक जमा कराएं। आवेदन पत्र भरने के संदर्भ में विस्तृत जानकारी हेतु परिशिष्ट-2 का ध्यानपूर्वक अवलोकन करें एवं तदनुसार पर्याप्त समय पूर्व आवेदन-पत्र भरें।

4. आवेदक ऑनलाइन आवेदन-पत्र की सावधानीपूर्वक जांच कर लें। ऑनलाइन आवेदन-पत्रों में दिनांक 07.08.2022 से दिनांक 03.09.2022 तक त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। इस हेतु प्रति सुधार सत्र रु. 50/- त्रुटिसुधार शुल्क देय होगा। आवेदक त्रुटिसुधार हेतु एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क की सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। त्रुटिसुधार अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा तथा श्रेणी/वर्ग परिवर्तन विषयक समस्त आवेदन अमान्य किए जाएंगे तथा आयोग द्वारा इस सन्दर्भ में आवेदक से कोई पत्र व्यवहार नहीं किया जाएगा।

5. विज्ञापन के सन्दर्भ में आवश्यक सूचनाएं, परीक्षा का परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **https://mppsc.mp.gov.in** में प्रकाशित किया जाएगा साथ ही आवश्यक होने पर अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय दिए गए **E-mail Address** तथा मोबाइल नंबर पर **E-mail** तथा **SMS Alert** भी प्रेषित किए जाएंगे। अतः आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र पर विहित स्थान पर अपने ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करें।

6. आयोग की परीक्षा और चयन प्रणाली निष्पक्ष एवं पारदर्शी है। किसी एक व्यक्ति द्वारा इस प्रणाली को विफल कर किसी व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की संभावना नहीं है। अतः किसी व्यक्ति द्वारा सीधे या किसी अन्य के माध्यम से लाभ पहुंचाने का दावा किया जाता है तो ऐसा व्यवहारिक रूप से असंभव है। अतः ऐसे व्यक्ति के बहकावे में न आएं और उस व्यक्ति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सूचना अविलंब आयोग को दें ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध समुचित कार्यवाही की जा सके। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।

7. उक्त विज्ञापन का अंतिम चयन परिणाम याचिका क्रमांक 25181/2019 के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के आवेदकों से लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निम्नलिखित पद हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :-

क्र.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या						रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या					रिक्तियों में से मध्यप्रदेश के मूल निवासी दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या			
		UR	SC	ST	OBC	EWS	कुल	UR	SC	ST	OBC	EWS	OH	VH	HH	MD
1	स्त्री रोग विशेषज्ञ	41	25	31	41	15	153	14	8	10	14	5	3	2	2	2

दो पद का विवरण

01	**पद का नाम**	:	स्त्री रोग विशेषज्ञ
	विभाग का नाम	:	लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन
	श्रेणी	:	राजपत्रित (प्रथम श्रेणी)
	पद स्थिति	:	अस्थायी
	वेतनमान	:	रुपए 15600-39100+6600 ग्रेड पे (छठें वेतन आयोग अनुसार। सातवें वेतनमान में तत्स्थानी वेतनमान प्राप्त होंगे।
	पद के मुख्य कर्तव्य	:	मरीजों की देखभाल एवं उपचार

तीन शैक्षणिक अर्हता : **अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता :-**
भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सी.पी.एस. डिप्लोमा अथवा समतुल्य अर्हता अथवा भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त संबंधित विषय में सुपर स्पेशलिटी डिग्री/डिप्लोमा

समतुल्य अर्हता :-
भारतीय चिकित्सा परिषद् द्वारा अर्हता प्राप्त विदेशी उपाधिधारी।

वांछनीय अर्हता :-
मध्यप्रदेश चिकित्सा परिषद् में स्थायी पंजीयन

विशेष :

(1) उक्त अर्हताएं विज्ञापन में उल्लेखित ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 01.09.2022 तक अर्जित होनी चाहिए। उक्त तिथि के बाद में अर्हता धारित करने वाले आवेदक पद हेतु अनर्ह माने जाएंगे।

(2) यदि अभ्यर्थी की अर्हकारी परीक्षा की अंकसूची में पूर्णांक तथा प्राप्तांक का उल्लेख न होते हुए ग्रेड/पाइंट स्केल का उल्लेख है तो उन्हें अपने ग्रेड/पाइंट स्केल के समतुल्य प्रतिशत के निर्धारण विषयक सूत्र/सिद्धांत के आधार पर प्रतिशत की गणना करते हुए शपथ-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। शपथ-पत्र के साथ प्रतिशत निर्धारण हेतु अपनाए गए सूत्र/सिद्धांत के अनुसमर्थन हेतु संबन्धित विश्वविद्यालय के सुसंगत अभिलेख संलग्न करना भी अनिवार्य है।

टीप -

(1) शासन द्वारा पदों की संख्या का पुनरीक्षण करने पर इस पद संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है। पदों की संख्या में वृद्धि केवल साक्षात्कार द्वारा चयन की स्थिति में साक्षात्कार कार्यक्रम के प्रकाशन तिथि तक तथा परीक्षा की स्थिति में परीक्षा के परिणाम की तिथि तक की जा सकेगी। बढ़े हुए पदों हेतु अतिरिक्त आवेदन पत्र प्राप्त नहीं किए जाएंगे। पदों की संख्या में कमी चयन के किसी भी स्तर पर की जा सकेगी।

(2) चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएगी।

(3) किसी भी प्रवर्ग में मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद उपयुक्त महिला अभ्यर्थी के अभाव में उसी प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों के चयन द्वारा भरे जा सकेंगे।

(4) मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पदों हेतु केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन ही आवेदन कर सकेंगे। अन्य प्रदेशों के मूल निवासी ऐसे अभ्यर्थी जो अपने मूल निवास के राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के रूप में मान्य है अथवा दिव्यांगजन है, अनारक्षित श्रेणी के रूप में विचारित किए जाएंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के अभ्यर्थियों को यह घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा की वे क्रीमीलेयर श्रेणी में नहीं आते।

(5) मध्यप्रदेश के मूल निवासी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को आवेदन तथा परीक्षा शुल्क में विहित छूट तथा यात्रा-व्यय प्रतिपूर्ति का लाभ देय होगा।

चार मध्यप्रदेश सिविल सेवाएं (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के अंतर्गत अनर्हता :-

अ. कोई भी उम्मीदवार जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध-दोष ठहराया गया हो, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु जहां किसी भी उम्मीदवार के विरुद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हों तो उनकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा।

ब. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा।

पांच महत्वपूर्ण :- यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी कि, वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को पूरा करते हैं। अतः आवेदन करने के पहले अभ्यर्थी अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन-पत्र भरें। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र जारी करने अथवा साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह

कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी।

छः **आयु सीमा** : 21 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो किन्तु 40 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो

सात आयु संगणना तिथि 01.01.2023

आयु सीमा में दी गई अन्य छूटों के लिए परिशिष्ट -1 देखें।

आठ अधिवार्षिकी आयु :- 65 वर्ष

नौ **चयन प्रक्रिया** :-

चयन साक्षात्कार के आधार पर होगा। विज्ञापित पदों के 5 गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा बशर्ते कि पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध हों।

साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर अंतिम चयन सूची घोषित की जाएगी। साक्षात्कार हेतु पूर्णांक 100 होगा। अनारक्षित तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु 41% तथा मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी हेतु 31% न्यूनतम उत्तीर्णांक होंगे।

टीप :-

(1) अभ्यर्थियों की संख्या विज्ञापित पदों के पांच गुना से अधिक होने पर **shortlisting** के आधार पर विभिन्न श्रेणियों/उपश्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के पांच गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। **shortlisting** हेतु अपनाए जाने वाले आधार यथासमय अधिसूचित किए जाएंगे।

(2) आवश्यक होने पर लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के गुणानुक्रम के आधार पर विभिन्न श्रेणियों/उप श्रेणियों हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना तथा समान अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। अंतिम चयन लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में साक्षात्कार हेतु कोई न्यूनतम उत्तीर्णांक नहीं होंगे।

(3) लिखित परीक्षा की स्थिति में परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम यथासमय "रोज़गार एवं निर्माण" समाचार पत्र तथा आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। लिखित परीक्षा की स्थिति में आवेदकों को परीक्षा शुल्क का पृथक से भुगतान करना होगा।

चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी यदि कोई कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि ध्यान में आती है तो आयोग को चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित है।

दस **आवेदन प्रक्रिया** :- उक्त पद हेतु आवेदन-पत्र इन्टरनेट के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु परिशिष्ट-2 का अवलोकन करें।

ग्यारह विज्ञापन के संदर्भ में आवश्यक सूचनाएं, परीक्षा के परिणाम केवल आयोग की वेबसाइट **mppsc.mp.gov.in** एवं रोज़गार और निर्माण समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय दिए गए **E-mail Address** तथा मोबाइल नंबर पर **E-mail** तथा **SMS** द्वारा आवश्यक होने पर सूचना दी जा सकेगी। आवेदक आवश्यक सूचनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र पर विहित स्थान पर अपने सही ई-मेल पते तथा मोबाइल नंबर का अवश्य उल्लेख करें तथा आयोग की वेबसाइट का निरंतर अवलोकन करते रहें।

बारह आवेदक विस्तृत जानकारी हेतु निम्न परिशिष्ट देखें :-

(1) आयु सीमा की छूटें परिशिष्ट-1

(2) आवेदन-पत्र भरने के तथा अन्य निर्देश एवं जानकारियां परिशिष्ट-2

उप सचिव

परिशिष्ट-1

(एक) मध्यप्रदेश के मूल निवासी अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में अनुज्ञेय छूट

(1) मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी.3-8/2016/1/3, दिनांक 04 जुलाई, 2019 अनुसार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शासकीय/निगम/ मण्डल/ स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित)/दिव्यांगजन आदि के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी तथा उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष रहेगी।

(2) ऐसा अभ्यर्थी जो भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, किन्तु उसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

स्पष्टीकरण :-

भूतपूर्व सैनिक से अभिप्रेत है "मध्यप्रदेश के भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों, तृतीय श्रेणी तथा चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम 1985" के नियम 2 (ग) में यथा परिभाषित भूतपूर्व सैनिक।

(दो) प्रोत्साहन स्वरूप दी गई छूटें

(1) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दंपतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी-3/10/85/3/1, दिनांक 29.06.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(2) विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाड़ियों को सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक सी-3/ 18/85/3/1 दिनांक 03.09.1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

टीपः -(1) परिशिष्ट-1 (दो) के अंतर्गत प्रोत्साहन स्वरूप अधिकतम आयु सीमा में विभिन्न कार्यों/ योजनाओं के अंतर्गत दी गई छूटों में से यदि कोई आवेदक एक से अधिक छूट का आधार रखता है तो उसे आयु सीमा में अधिकतम लाभ वाले किसी एक आधार (प्रोत्साहन वाले) के लिए देय छूट मिलेगी।

(तीन) मध्यप्रदेश के चिकित्सालयों में संविदा पर कार्यरत या कार्य कर चुके संविदा के आधार पर विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत अभ्यर्थियों हेतु

1. सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के परिपत्र क्रमांक सी-5-2/2018/1/3, दिनांक 05.06.2018 में प्रदत्त अनुदेशों के अनुसार मध्यप्रदेश के चिकित्सालयों में संविदा पर कार्यरत या कार्य कर चुके संविदा के आधार पर विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत अभ्यर्थियों को जिन्होंने न्यूनतम 5 वर्ष की संविदा सेवा की है, उनके द्वारा समकक्ष अथवा उच्चतर श्रेणी के संविदा पद पर जितने वर्ष की सेवा की गई है, उतने वर्ष की छूट अधिकतम आयु सीमा में दी जाएगी किन्तु उक्त छूट को सम्मिलित करते हुए उनकी आयु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2. उक्त छूट हेतु अभ्यर्थी को उसकी संविदा सेवा की अवधि के प्रमाणन हेतु विहित अधिकारी द्वारा अनुभव प्रमाण-पत्र आयोग को प्रेषित किए जाने वाले अभिलेखों के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रमाण-पत्र में धारित पद तथा अनुभव अवधि का स्पष्ट उल्लेख आवश्यक होगा (दिनांक से दिनांक तक प्रारूप में)। अपेक्षित प्रमाण-पत्र/पत्रों के अभाव में अभ्यर्थी का आवेदन-पत्र निरस्त किया जाएगा।

नोट :- (01) उपरोक्त परिशिष्ट-1 (एक) (1 से 2), (दो) (1 एवं 2) तथा (तीन) में उल्लेखित आयु सीमा की छूट की पात्रता सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

(02) आवेदकों को उपरोक्त सभी छूटें देय होंगी किन्तु समस्त छूटों को शामिल करते हुए भी किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग हेतु अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन आवेदकों की आयु 45 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं (मध्यप्रदेश के चिकित्सालयों में संविदा पर कार्यरत या कार्य कर चुके विशेषज्ञ अभ्यर्थियों को देय छूट को छोड़कर)।

परिशिष्ट-2

ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में निर्देश एवं अन्य जानकारी

1. ऑनलाइन आवेदन करने के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश निम्नानुसार है :-

1. उपरोक्त पदों हेतु आवेदन-पत्र निम्न वेबसाइटों पर भरे जा सकेंगे

1. www.mponline.gov.in

2. mppsc.mp.gov.in

2. आवेदक **mponline** के स्थापित अधिकृत कियोस्कों के माध्यम से ऑनलाइन फार्म भरकर कियोस्क पर ही आवेदन/परीक्षा शुल्क का नगद भुगतान कर रसीद आवश्यक रूप से प्राप्त करें तथा आवेदन-पत्र की भलीभांति जांचकर सुनिश्चित कर लें कि भुगतान हो चुका है। **mponline** के अधिकृत कियोस्कों की सूची **www.mponline.gov.in** तथा **mppsc.mp.gov.in** पर पता एवं फोन नंबर सहित उपलब्ध है।

3. आवेदक अपने घर पर या इंटरनेट कैफे के माध्यम से भी ऑनलाइन फॉर्म भरकर आवेदन/परीक्षा शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नेट बैंकिंग सुविधा धारक आवेदक नेट बैंकिंग द्वारा भी शुल्क का भुगतान कर सकते हैं।

4. आवेदक फार्म भरने के पूर्व अपने नवीनतम फोटोग्राफ की पासपोर्ट साइज़ की तथा हस्ताक्षर की स्केन फाइलें तैयार रखें, जिन्हें ऑनलाइन फार्म भरते समय अपलोड करना होगा। **mponline** के अधिकृत कियोस्क पर स्केनिंग की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है, जिसका उपयोग किया जा सकता है।

फोटो स्केनिंग के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश :-

1. स्केनिंग हेतु पासपोर्ट साइज़ की नवीनतम रंगीन फोटो का प्रयोग करें।
2. फोटो खिचवाते समय रिलेक्स स्थिति में सीधे कैमरे में देखें।
3. यदि आप चश्मे का प्रयोग करते हैं तो यह सुनिश्चित करें कि कोई रिफ़्लेक्सन न हो तथा आपकी आंखें स्पष्टतः दिख रही हों।
4. टोपी, हैट तथा डार्क चश्में स्वीकार्य नहीं हैं। सर पर पहने जाने वाले धार्मिक परिधान स्वीकार्य हैं, किन्तु उनसे आपका चेहरा नहीं ढंकना चाहिए।
5. यह सुनिश्चित करें कि फोटो का बैकग्राउंड हल्के रंग या आदर्श रूप में सफ़ेद हो।
6. किसी और से अपनी फोटो खिचवाएं। कृपया सेल्फी का प्रयोग न करें।

5. ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरते समय ध्यान रखना चाहिए कि वह उक्त वेबसाइट पर दिए गए ऑनलाइन आवेदन-पत्र की प्रत्येक जानकारी अच्छी तरह समझकर सावधानीपूर्वक सही रूप में जिस प्रकार चाहा गया है उसी प्रकार जानकारी भरें। आवेदन-पत्र भरने के संदर्भ में अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध अनुदेशों तथा निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर तदनुसार ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरें।

6. आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया में यह माना जाएगा कि आवेदक द्वारा जो जानकारी ऑनलाइन फार्म में अंकित की जा रही है, वही प्रमाणिक जानकारी है, अतः ऑनलाइन आवेदन-पत्र **submit** करने के पूर्व आवेदक अपना आवेदन-पत्र सावधानीपूर्वक भलीभांति पढ़ एवं समझकर तथा भरी गई जानकारी से स्वयं को संतुष्ट करने के पश्चात ही आवेदन-पत्र **submit** करें।

7. आवेदन-पत्र **submit** करने के बाद खुलने वाले **popup window** में आवेदक को उसके द्वारा आवेदन-पत्र में उल्लिखित आधारभूत सूचनाएं अर्थात **उसका नाम, माता-पिता का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी लिंग आदि की जानकारी दी जाएगी** जिसमें त्रुटि परिलक्षित होने पर अभ्यर्थी Cancel बटन दबाकर पुनः फार्म में वापस जाकर अपेक्षित सुधार कर सकेंगे। Popup window में OK बटन दबाकर फार्म सबमिट करने पर आवेदन-पत्र के सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना मिलेगी जिसमें उसके आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख होगा किन्तु यह Unpaid होगा।

अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि आवेदन-पत्र submit होने के बाद "proceed for payment" बटन दबाकर भुगतान की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात अभ्यर्थी को उसका आवेदन-पत्र प्राप्त होगा, जिसमें भुगतान का विवरण भी होगा, जिसमें भुगतान राशि तथा Payment Done स्पष्टतः उल्लेखित होगा। आवेदक उक्त सूचना को प्रिंट करके अपने पास रखें तथा भविष्य में आयोग से किए जाने वाले पत्र व्यवहार में आवेदन-पत्र क्रमांक का उल्लेख करें।

8. **त्रुटि सुधार सुविधा** :- अभ्यर्थी अपना आवेदन-पत्र सावधानी पूर्वक भरें। आवेदन-पत्र में कोई त्रुटि होने पर दिनांक 07.08.2022 से 03.09.2022 तक प्रति त्रुटि सुधार सत्र रु. 50/- त्रुटि सुधार शुल्क का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन-पत्र में अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन ही त्रुटिसुधार किया जा सकेगा। नियत अवधि में त्रुटि सुधार नहीं करने पर कोई पश्चातवर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए नस्तीबद्ध किया जाएगा। मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु शुल्क रु. 1000 तथा अन्य श्रेणियों हेतु रु. 2000 निर्धारित है अतः छूट वाली श्रेणियों के अभ्यर्थी के रूप में भरे गए आवेदन को त्रुटि सुधार द्वारा गैर छूट श्रेणी का करने की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि रुपए 1000 त्रुटि सुधार शुल्क के अतिरिक्त देय होगा, किन्तु गैर छूट श्रेणी के अभ्यर्थी के रूप में भरे गए आवेदन को त्रुटि सुधार द्वारा छूट श्रेणी का करने की स्थिति में शुल्क अंतर की राशि वापस नहीं की जाएगी।

ऑनलाइन आवेदन पत्रों में भरी गई श्रेणी/ वर्ग (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)/ लिंग (महिला/पुरुष)/शासकीय सेवक/दिव्यांगता आदि के आधार पर ही परिणाम घोषित किया जाता है। अतः त्रुटिसुधार अवधि समाप्त होने के बाद श्रेणी/वर्ग परिवर्तन विषयक कोई पश्चातवर्ती अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए नस्तीबद्ध किया जाएगा।

9. **आवेदन-पत्र प्रेषण के संदर्भ में आवश्यक अनुदेश :-**

(1) आयोग की वेबसाइट **https://mppsc.mp.gov.in** के **Download Format** लिंक से अनुप्रमाणन फार्म, व्यक्तिगत विवरण-पत्रक एवं उपस्थिति-पत्रक डाउनलोड करके उनकी पूर्ति करें। पूर्ति पश्चात उक्त प्रपत्रों की क्रमशः तीन, छः तथा एक छायाप्रति कराएं।

(2) ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने तथा शुल्क भुगतान के पश्चात प्राप्त ऑनलाइन आवेदन में उल्लेखित भुगतान विवरण की जांच कर यह सुनिश्चित कर लें कि शुल्क का भुगतान हो चुका है। यह भी जांच कर लें कि समस्त प्रविष्टियां सही है (त्रुटि होने पर विहित अवधि में त्रुटि सुधार कर लें **(देखें बिन्दु-8)**। ऑनलाइन आवेदन-पत्र में विहित स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें। उक्त हस्ताक्षरित ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ अपने सभी अभिलेखों की स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करें तथा साथ ही अनुप्रमाणन फार्म, व्यक्तिगत विवरण पत्रक एवं उपस्थिति पत्रक की एक-एक प्रति संलग्न करें। (प्रपत्रों की शेष प्रतियां अपने पास सुरक्षित रखें क्योंकि उन्हें आपको साक्षात्कार के समय अपने मूल अभिलेखों के साथ प्रस्तुत करना होगा)

(3) एक बड़े लिफाफे पर निम्न विवरण अंकित कर उक्त सेट (आवेदन-पत्र तथा समस्त अभिलेख) इस बड़े लिफाफे में रखकर पंजीबद्ध डाक या स्पीड पोस्ट से आयोग को प्रेषित करें।

विज्ञापन क्रमांक 03/2022 दिनांक 20.07.2022
स्त्री रोग विशेषज्ञ, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पद हेतु आवेदन-पत्र

प्रति,
सचिव
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग,
रेसीडेंसी एरिया
इंदौर (मध्यप्रदेश) पिन - 452001

प्रेषक :
आवेदक का नाम
तथा पता

(लिफाफे पर विज्ञापन क्रमांक, पद/विभाग का नाम अंकित न होने पर उस पर विचार नहीं किया जाएगा)

(4) ध्यान रखें अभिलेखों सहित उक्त आवेदन-पत्र **दिनांक 16.09.2022** को सायंकाल 06:00 बजे तक आयोग कार्यालय में पहुंचने पर ही समयावधि में प्राप्त माना जाएगा। आवेदन-पत्र उक्त दिनांक तथा समय तक समस्त कार्य दिवसों में कार्यालयीन समय **(प्रातः 10:00 बजे से सायंकाल 06:00 बजे तक)** आयोग कार्यालय में भी प्राप्त किए जाएंगे तथा प्राप्ति की रसीद दी जाएगी। आवेदक आयोग को प्रेषित आवेदन-पत्र तथा अभिलेखों का एक सेट अपने पास सुरक्षित रखें।

10. विलंब से प्राप्त आवेदन-पत्र निरस्त किए जाएंगे तथा जमा शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। अतः आवेदक अंतिम तिथि की प्रतीक्षा करने के बजाय पर्याप्त समय पूर्व ऑनलाइन आवेदन कर अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र आयोग को प्रेषित करें।

11. आवेदक यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा आवेदन-पत्र में दर्ज हस्ताक्षर ही वे साक्षात्कार की उपस्थिति सूची तथा आयोग के समस्त पत्र व्यवहार में करें। विभिन्न अभिलेखों के हस्ताक्षरों में समानता न होने पर आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।

2. आवेदन शुल्क

मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु	शेष सभी श्रेणी तथा मध्यप्रदेश के बाहर के निवासी अभ्यर्थियों हेतु
रु. 1000/-	रु. 2000/-
उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त रु. 40/- (जीएसटी सहित) पोर्टल शुल्क देय होगा	

- परीक्षा की स्थिति में परीक्षा शुल्क का भुगतान पृथक से करना होगा।
- **शुल्क वापसी** :- अपरिहार्य कारणों से विज्ञापन निरस्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों से ऑनलाइन शुल्क वापसी आवेदन प्राप्त कर आवेदन शुल्क की राशि वापस की जाएगी किन्तु पोर्टल शुल्क की राशि किसी भी स्थिति में वापस नहीं की जाएगी।

आवेदन शुल्क तथा पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रूप में अन्य किसी राशि का भुगतान नहीं करना है। यदि कियोस्कधारक द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है तो mponline से निम्न दूरभाष पर संपर्क कर शिकायत दर्ज़ करा सकते हैं :-

हेल्पलाइन नं. 0755-6720200

नोट : यदि आपको ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने में कोई समस्या आती है तो नीचे दर्शाए गए दूरभाष नंबरों पर संपर्क करें :-
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, रेसीडेंसी क्षेत्र, इंदौर (0731) 2701624, 2701983
एम.पी. ऑनलाइन लिमिटेड, (मध्यप्रदेश शासन तथा टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज का संयुक्त उपक्रम)
ऑफिस ब्लाक OB-14 से 17, चतुर्थ तल, डी.बी. सिटी कार्पोरेट पार्क,
अरेरा हिल्स, ज़ोन-1 के सामने, एम.पी. नगर,
भोपाल - 462011, हेल्पलाइन नं. 0755-6720200

3. आवेदन की अंतिम तिथि
ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 01.09.2022 है। अंतिम तिथि को दोपहर 12:00 बजे के बाद आवेदन-पत्र जमा करने की सुविधा बंद कर दी जाएगी।

4. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियां आवश्यक रूप से संलग्न करें :-

आयु संबंधी प्रमाण के लिए :- केवल हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी अथवा मेट्रीक्यूलेशन की अंक-सूची/ प्रमाण-पत्र जिसमें जन्मतिथि का स्पष्ट उल्लेख हो।

रोज़गार कार्यालय में पंजीयन का प्रमाण-पत्र :- जिस श्रेणी के अभ्यर्थियों को जीवित रोज़गार पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, वे उपलब्ध होने पर संलग्न करें। उक्त प्रमाण पत्र साक्षात्कार के समय भी प्रस्तुत किया जा सकता है।

दिव्यांगता प्रमाण-पत्र :- जिला चिकित्सा मण्डल या उच्चतर प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र संलग्न करें जिसमें 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता प्रमाणित की गई हो। चिकित्सा अधिकारी के पदों हेतु 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता वाले लोकोमोटर दिव्यांगजन ही आरक्षण तथा छूटों हेतु पात्र है।

शैक्षणिक अर्हताओं के प्रमाण-पत्र :- हाईस्कूल/हायर सेकेन्डरी तथा उसके बाद की अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता सहित उन समस्त परीक्षाओं की जिन्हें आवेदक ने उत्तीर्ण किया है के समस्त वर्षों/ सेमेस्टर्स की अंक सूचियां एवं उपाधि।

शासकीय सेवक होने का प्रमाण-पत्र :- यह प्रमाण-पत्र नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिए। इस प्रमाण पत्र में धारित पद तथा विभाग का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

संविदा सेवा के अनुभव प्रमाण-पत्र :- यह प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिए। इस प्रमाण-पत्र में धारित पद तथा अनुभव अवधि का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है। (दिनांक से दिनांक तक प्रारूप में)

जाति के प्रमाण-पत्र :- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) का स्थाई जाति प्रमाण-पत्र अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जो की मध्यप्रदेश शासन द्वारा जाति प्रमाण-पत्र देने के अधिकृत है द्वारा जारी किया गया हो आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करें। साक्षात्कार के समय स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। यदि अभ्यर्थी साक्षात्कार के समय स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द की जाएगी जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। इस संदर्भ में अभ्यर्थी का कोई वचन-पत्र अथवा अभ्यावेदन मान्य नहीं करते हुए उसे नस्तीबद्ध किया जाएगा एवं आयोग इस संदर्भ में कोई पत्र-व्यवहार नहीं करेगा। विवाहित महिलाओं का उनके नाम के साथ पिता का नाम उल्लेखित जाति प्रमाण-पत्र ही मान्य किया जाएगा। विवाहित महिलाएं विवाहोपरांत नाम/उपनाम परिवर्तन का शपथ पत्र संलग्न करें। अन्य किसी राज्य में जारी किया गया प्रमाण-पत्र मान्य नहीं होगा।

अन्य पिछड़ा वर्ग में क्रीमी लेयर में न आने का प्रमाणन भी आवश्यक है अर्थात अन्य पिछड़ा वर्ग के जिन प्रमाण-पत्रों में क्रीमी लेयर में न आने संबंधी कंडिका कटी होगी या नहीं होगी वे मान्य नहीं होंगे। इस संदर्भ में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को निम्नानुसार घोषणा-पत्र संलग्न करना होगा :-

घोषणा-पत्र (Declaration) का प्रारूप

मैं.....आयोग के विज्ञापन क्रमांक 03/2022 दिनांक 20.07.2022 के अंतर्गत आवेदन-पत्र आयोग को प्रस्तुत कर रहा/रही हूं। मैं निम्नानुसार घोषणा करता/करती हूं

1. मैं.....पुत्र/पुत्री श्री.....निवासी ग्राम/कस्बा/शहर/.....जिला.....मध्यप्रदेश का/की मूल निवासी हूं। यह घोषणा करता/करती हूं कि मैं.....जाति का/की सदस्य हूं जो शासन द्वारा शासकीय सेवा में (अन्य पिछड़ा वर्ग) श्रेणी में आरक्षण के लिए अधिसूचित है।
2. मैं शपथ पूर्वक यह भी घोषणा करता/करती हूं कि आवेदन की अंतिम तिथि तक मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा निर्धारित अद्यतन मापदंडों के अनुसार, मैं सम्पन्न वर्ग अर्थात क्रीमीलेयर की श्रेणी के अंतर्गत नहीं आता/आती हूं।

दिनांक :- .....
हस्ताक्षर.....
नाम.....
आवेदन-पत्र क्रमांक.....

(उक्त घोषणा-पत्र तथा जाति प्रमाण-पत्र की स्केन्ड प्रति ऑनलाइन आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करें)

तदर्थ रूप से शासन की सेवा में कार्यरत आवेदकों को तत्संबंधी प्रमाण-पत्र आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक हेतु :- नियोक्ता अधिकारी/सक्षम अधिकारी का प्रमाण-पत्र।

परिशिष्ट-1 की कंडिका-(दो-1) के अधीन उच्चतम आयु सीमा में छूट हेतु शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी का प्रमाण-पत्र।

परिशिष्ट-1 की कंडिका-(दो-2) के अंतर्गत उच्चतम आयु सीमा में छूट हेतु विक्रम पुरस्कार प्राप्त होने का प्रमाण-पत्र।

5. जो व्यक्ति पहले से शासकीय सेवा में स्थायी या अस्थायी हैसियत से काम कर रहा हो या किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त कर्मचारी हो, जिसमें आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त कर्मचारी अथवा जो लोक उद्यमों के अधीन कार्यरत हों, उनको यह परिवचन (Undertaking) प्रस्तुत करना होगा कि, उन्होंने लिखित रूप से अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को सूचित कर दिया है कि उन्होंने इस विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन किया है। उम्मीदवारों को यह ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने अथवा परीक्षा/साक्षात्कार में शामिल होने के संदर्भ में अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

6. अनुशासनिक निर्देश :- (परीक्षा संबंधी अनुदेश परीक्षा की स्थिति में)
यदि आयोग का यह समाधान हो जाता है कि कोई अभ्यर्थी निम्नलिखित में से किसी के लिए दोषी है :-

01 जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिए साक्षात्कार में किसी भी तरीके से समर्थन अभिप्राप्त किया हो; या
02 प्रतिरूपण किया हो; या
03 किसी व्यक्ति से प्रतिरूपण कराया हो; या
04 कूटरचित अभिलेख या ऐसे अभिलेख प्रस्तुत किए हों, जिनमें फेरबदल किया गया हो; या
05 ऐसे कथन दिए हों जो गलत और झूठे हों या जिसने चयन के किसी भी प्रक्रम पर सारभूत जानकारी छुपाई हो; या
06 परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो; या
07 परीक्षा कक्ष में अथवा अन्यत्र अनुचित साधनों का उपयोग किया हो या करने का प्रयास किया हो; या
08 परीक्षा संचालन में लगे कर्मचारियों को परेशान किया हो या धमकाया हो या शारीरिक क्षति पहुंचाई हो; या
09 उनके द्वारा प्रवेश पत्र में उम्मीदवारों के लिए दिए गए किसी भी अनुदेशों या निर्देशों जिसमें परीक्षा संचालन में लगे केंद्र पर्यवेक्षक या अन्य कर्मचारी द्वारा मौखिक रूप से दिए गए अनुदेश सम्मिलित है, अतिक्रमण किया हो; या
10 परीक्षा कक्ष में या साक्षात्कार में किसी अन्य तरीके से किया गया दुर्व्यवहार,
11 परीक्षा कक्ष में परीक्षा हेतु प्राप्त उत्तर-पुस्तिका परीक्षा के समाप्त होने पर परीक्षा कक्ष के वीक्षक/ परीक्षक को न जमा करते हुए अपने साथ ले गया हो।

तब आयोग द्वारा :-

(क) उसे उस परीक्षा के लिए, जिसके लिए वह उम्मीदवार है निरर्ह ठहराया जा सकेगा। और/या उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी परीक्षा से या उनके द्वारा किए जाने वाले किसी चयन से विवर्जित कर सकेगा।

(ख) यदि वह शासन के अधीन पहले से ही सेवा में हो तो उपर्युक्त नियमों के अधीन उस पर अनुशासनिक कार्यवाही हेतु पैतृक विभाग को अनुशंसा की जाएगी।

(ग) इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी के विरुद्ध आपराधिक अभियोजन भी दर्ज किया जा सकेगा।

एवं तब शासन द्वारा :-

उसे या तो स्थायी रूप से या विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए उसके अधीन नियोजन से विवर्जित किया जा सकेगा।

7. अनर्हताएं :- ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें किसी भी चयन संस्था द्वारा विशिष्ट कालावधि हेतु भर्ती परीक्षा हेतु विवर्जित किया गया है उस कालावधि हेतु आवेदन करने हेतु अपात्र रहेंगे।

8. यात्रा व्यय का भुगतान :-
मध्यप्रदेश हेतु अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) श्रेणी के ऐसे अभ्यर्थियों को जो कहीं सेवारत नहीं है, मध्यप्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अधीन यात्रा व्यय का भुगतान आयोग कार्यालय द्वारा किया जाएगा। आवेदकों को इसके लिए वांछित घोषणा-पत्र भरकर देना होगा तथा यात्रा भत्ते की पात्रता से संबन्धित निम्नांकित अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे :-

(01) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) श्रेणी के प्रमाणन हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र की स्व-प्रमाणित प्रति।

(02) यात्रा टिकट जिसमें यात्रा की तिथि, कहां से कहां तक यात्रा की गई है तथा किराए की राशि का स्पष्टतः उल्लेख हो।

अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के परीक्षण के बाद यात्रा व्यय का भुगतान पद्धति से अभ्यर्थी के खाते में किया जाएगा। इस हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन-पत्र में विहित स्थान पर अपने बैंक का नाम, स्वयं के बैंक खाते का नम्बर एवं बैंक का आई.एफ.एस.सी. कोड का उल्लेख करना तथा साथ ही अपने बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्केन प्रति आवेदन-पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

समूह-3 उपयंत्री, मानचित्रकार, समयपाल एवं समकक्ष पदों की सीधी एवं बैकलॉग भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा-2022 के संबंध में संशोधित सूचना

आवेदन पत्र भरने की तिथि :	ऑनलाइन परीक्षा पद्धति	आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि :
01 अगस्त 2022 से 16 अगस्त 2022 तक	समय सारणी	01 अगस्त 2022 से 21 अगस्त 2022 तक

परीक्षा दिनांक एवं दिन	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढ़ने का समय	उत्तर अंकित का समय
24 सितंबर 2022 से प्रारंभ	प्रथम	प्रातः 07:00 से प्रातः 08:00 बजे तक	प्रातः 08:50 से प्रातः 09:00 बजे तक (10 मिनिट)	प्रातः 09:00 से दोपहर 12:00 बजे तक (3 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 12:30 से दोपहर 01:30 बजे तक	दोपहर 02:20 से दोपहर 02:30 बजे तक (10 मिनिट)	दोपहर 02:30 से शाम 05:30 बजे तक (3 घंटे)

रिक्त पदों का विवरण

सीधी भर्ती	संविदा	बैकलॉग	कुल पद
2198	111	248	2557

परीक्षा शहर :- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, नीमच, रतलाम, मंदसौर, सागर, सतना, खंडवा, सीधी, रीवा

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-

1. परीक्षा की विस्तृत नियमपुस्तिका बोर्ड की वेबसाइट **www.peb.mp.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमों/जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाइट **www.peb.mponline.gov.in** के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. **परीक्षा शुल्क** :-

अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए	रुपये 500/- प्रति प्रश्न पत्र
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए (केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों के लिए)	रुपये 250/- प्रति प्रश्न पत्र
सीधी भर्ती - बैकलॉग	कोई शुल्क नहीं
कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क	रुपये 60/-
रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लॉगिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क	रुपये 20/-

विशेष निर्देश :

1. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
2. बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई. (UIDAI) के द्वारा सत्यापित (verify) होने पर ही ई-आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड की छायाप्रति/आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
4. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अतः जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक है वह परीक्षा दिनांक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार आनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
6. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
7. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अतः आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
8. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु पीईबी की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
9. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
10. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण पी.ई.बी. द्वारा नहीं किया जाकर नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अतः कंप्यूटर आधारित Online परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णतः प्राविधिक (Provisional) होगी।
11. उपरोक्त सभी पदों के लिये अभ्यर्थी का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा।
12. मध्यप्रदेश के विशेष आदिम जनजाति समुदाय जैसे बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को अकार्यपालिक पदों के लिए अपने आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रमाण-पत्र संलग्न करते हुये हार्डकॉपी में निर्धारित आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि तक पी.ई.बी. को न भेजते हुये सीधे संबंधित विभाग को पृथक-पृथक पद अनुसार पृथक-पृथक आवेदन प्रेषित करना होगा। पी.ई.बी. को प्रेषित आवेदन पत्र अमान्य माना जायेगा।
13. कुछ विभाग के पद कार्यपालिक होने की स्थिति में भर्ती हेतु आदिम जनजाति (बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया) के अभ्यर्थियों को परीक्षा से छूट का प्रावधान नहीं होगा। वे अभ्यर्थी अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करें (ऐसी स्थिति में नियम पुस्तिका की बैगा, सहारिया एवं भारिया से सम्बंधित सभी कण्डिकायें विलोपित मान्य होंगी)।
14. कोविड-19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

विशेष नोट : बोर्ड अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली/शहरों/केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

विज्ञापन क्र. 10/2022

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड

'चयन भवन' मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011

फोन नं. : +91-755-2578801-02, Fax : +91-755-2550498, Website : www.peb.mp.gov.in

संचालक

म.प्र. माध्यम/105556/47283/2022

PRESTIGE

Autonomous by UGC

PRESTIGE IS ABOVE ALL

ADVANCING CAREERS AND TRANSFORMING LIVES SINCE 1994

PIMR is a NAAC A++ Grade Autonomous Institute inviting applications from Qualified, Experienced, Research & Innovation Oriented Dedicated faculty.

APPOINTMENTS

ACADEMIC POSITIONS

• PRINCIPAL /DIRECTOR • PROFESSOR
• ASSOCIATE PROFESSOR • ASSISTANT PROFESSOR
• RESEARCH ASSOCIATE • ACADEMIC ASSOCIATES

Law: Criminal Laws, Business Laws, Civil Laws, Labour Laws, Cyber Laws, Taxation Laws, International Law

Management: Human Resource Management, Data Analytics, Digital Marketing, Finance, Operation Research, Supply Chain Management, Marketing, Quantitative Techniques, Systems, Accounts, International Business, Economics.

Humanities: History, Psychology, English/PD/Communication

Qualifications/ Salary/ Perks will be as per AICTE/ UGC/ BCI Norms.

For Law, preference to candidates from National Law Universities.

Weightage will be given to candidates with industry experience.

Apply with detailed CV with passport size photo, supporting documents, Phone / Mobile number & Email-id within 10 days to the Chairman, Prestige Education Foundation C/o Prestige Institute of Management & Research, 2, Education and Health Sector, Scheme-54, Indore - 452010 and Email CV to **hr@pimrindore.ac.in**

PRESTIGE INSTITUTE OF MANAGEMENT AND RESEARCH, INDORE

(Affiliated to DAVV. An Autonomous Institution Established in 1994, Thrice Accredited by NAAC with Highest Grade, now A+ +)

2, Education & Health Sector, Scheme No. 54, Near Bombay Hospital, Indore-452010 (M.P.) India

R-47275/2022

बिजली की ट्रिपिंग रोकने करें समुचित प्रयास – ऊर्जा मंत्री

भोपाल, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भोपाल स्थित मंत्रालय में ऊर्जा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि बिजली की ट्रिपिंग रोकने के समुचित प्रयास करें। ट्रिपिंग होने पर उसे ठीक करने के लिए त्वरित कार्यवाही की जाये, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी न हो।

ऊर्जा मंत्री ने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा में कहा कि ट्रांसफॉर्मर और बिजली लाइन का मेंटेनेंस नियमित रूप से हो। साथ ही अधिकारी इसका निरीक्षण भी करें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुसार स्मार्ट मीटर लगाये जायें।

कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अमित तोमर ने बताया कि स्मार्ट मीटर जहां लगे हैं, वहां बिजली बिल संबंधी शिकायत कम आती है। उपभोक्ता आसानी से प्रतिदिन की बिजली खपत देख सकता है। उपभोक्ता द्वारा बिजली बिल जमा नहीं करने पर कंट्रोल रूम से ही बिजली काटी जा सकती है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने से होने वाले फायदे का मूल्यांकन करवायें।

ऊर्जा मंत्री ने प्रबंध संचालक ट्रांसमिशन श्री सुनील तिवारी से कहा कि फीडर की ट्रिपिंग रोकने के लिए पुराने इंसुलेटर बदलने का कार्य अभियान चला कर करें। जिन क्षेत्रों के फीडर में ज्यादा ट्रिपिंग हो रही है, वहां के अधिकारियों को नोटिस जारी करें।

मान (मेयो) कॉलेज आफ फिजियोथेरेपी

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर, एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश सत्र 2021-22

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बी.पी.टी.) 6 माह इंटर्नशिप	4½ वर्ष

योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।

संचालक

LAKECITY

R-47284/2022

मान (मेयो) कॉलेज ऑफ नर्सिंग

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड़, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, भोपाल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश सत्र 2022-23

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग **(एम.एस.सी नर्सिंग)**– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	पोस्ट बैसिक बी.एस.सी नर्सिंग–योग्यता जी.एन.एम.	2 वर्ष

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा। छात्राओं के लिए उत्तम भोजन युक्त छात्रावास की विशेष सुविधा उपलब्ध है।

संचालक

LAKECITY

R-47285/2022

REQUIRED

- **PRINCIPAL**
- **PROFESSOR/ ASSOCIATE PROFESSOR/ ASST. PROFESSOR**

Management, Commerce, Computers, Mathematics, Physics, Statistics, Chemistry, Pharma Chemistry, Biochemistry, Biotechnology, Microbiology, Bioinformatics, Life Science, HR, Business Law, Economics, Statistics, Political Science, Psychology, Sociology, Hindi & English. Qualification as per AICTE/ UGC/ DAVV norms.

- **LIBRARIAN**

Apply Online or in person to The Principal @ Vijay Nagar Campus (11am to 5pm)

Softvision COLLEGE *Knowledge is Power*

Graduate School of Business GLOBAL PERSPECTIVE - INDIAN VALUES

Scheme No. 54, Vijay Nagar, Indore ☎ **9009502221, 9009571860, 2577456**

VIGILANCE

R-47276/2022

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.–462011
No./9925/22/D-12/NIT-Maint./2022 Bhopal, Dated : 20.07.2022

NOTICE INVITING TENDER No. 182/MTN/2022 (BW)

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

Name of work : Repair/Maintenance of Rural Roads.

1. Table No. 1:- Name of Work – Within 5 Year Maintenance (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Hoshangabad	1	235000.00
2.	Seoni	2	3229000.00
3.	Ujjain	1	5587000.00

2. Table No. 2 :- Name of Work – Post 5 Years (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Agar	1	1631000.00
2.	Chhindwara	3	13848000.00
3.	Dindori	1	17497000.00
4.	Hoshangabad	1	5019000.00
5.	Raisen	2	8140000.00

3. Table No. 3 :- Name of Work – Post 10 Years (BW)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Dewas	1	6584000.00
2.	Hoshangabad	1	5904070.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **25.07.2022 from 17:30 hrs.** 2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/105532/47278/2022 **(TENDER)**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-01 जबलपुर
1558 ऋषि कॉटेज, रतन कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.) 482003
Ph. : 0761-4927201, Email : mpphcjabalpur@gmail.com

म.प्र. पुलिस आ.अधो.वि.नि. संभाग जबलपुर क्र.-01 अंतर्गत 6 वाहिनी परिसर विसवल रांझी, जबलपुर में सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-08 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC_212128) एवं सम्पवेल व पम्प हाउस के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-09 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC_212129) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 06.08.2022 समय 17.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं सब्मिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/105528/47277/2022 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक - 03, गोरखपुर थाने के पीछे, 1558 ऋषि कॉटेज, रतन कॉलोनी, जबलपुर (म.प्र.)
पिनकोड : 482003, 0761-4927003
E-mail : mpphcjabalpur3@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र. 03 के अंतर्गत जिला - मण्डला में इन्डोर स्टेडियम की रूफ ट्रस की शीट बदलने एवं अन्य मरम्मत कार्य के अपूर्ण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-04/2022-23 (Online Tender No. 2022_MPPHC_212276_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.08.2022 समय सायं 17.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं सब्मिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/105547/47281/2022 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 02, डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
Email : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र. 02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 13/2022-23 जिला मुख्यालय स्थित बिरसामुण्डा स्टेडियम के उन्नयन का कार्य, जिला-डिण्डौरी (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC_212425) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 01.08.2022** तक खरीद कर सायं 18:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/105551/47282/2022 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER EL-63

No./9928/22/D-12/MPRRDA/2022 **Bhopal, Dated : 20.07.2022**

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in.**

Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Barwani	1	1922285.00
2.	Betul	3	6854936.00
3.	Chhindwara	3	7714909.00
4.	Dhar	2	8947895.00
5.	Harda	1	2248825.00
6.	Sagar	2	9478800.00
7.	Satna	1	487863.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **25.07.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/105533/47279/2022 **(TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
Block-II, 5th Floor, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 1001 (PMGSY-III, Batch-I Year 2021-22)

No./9942/22/D-12/MPRRDA/2022 **Bhopal, Dated : 20.07.2022**

Online item rate Tenders for Construction/Up-gradation of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :

- **Name of work -** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY using "Full Depth Reclamation (FDR) by in-situ Stabilization using cement/cement with additives", including maintenance for Five Year after construction.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Indore	1	232832000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **22.07.2022 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **10.08.2022 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/105534/47280/2022 **(TENDER)**

CHARAK INSTITUTE OF EDUCATION

Choli Road – Mandleshwar
Tehsil–Maheshwar, District- Khargone
M.P. 451221
(Affiliated to DAVV, Indore)

REQUIREMENT

B.Ed. : Asst. Professor, Fine Art, Music, Sports Officer, Librarian.
Eligibility: As per UGC and NCTE Norms, Preference NET, SLET, Ph.D. and Experience Holder.
Salary : As per UGC Norms.
Contact : 95758 01753, 8269353007
E-mail : charakedumdl@gmail.com

R-47274/2022 **Principal**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1 भदभदा रोड, भोपाल
क्र./941/तशा/प.यं./2022 **दिनांक : 21.07.2022**

विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा इछावर जिला सीहोर में 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल भवन का निर्माण, एप्रोच रोड, पार्किंग, रेनवाटर हार्वेस्टिंग एवं लैण्डस्केपिंग कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा क्रमांक 2022_MPPHC_212506_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 01.08.2022 समय 17.00 बजे तक** खरीदे जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/105564/47287/2022 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

कार्यालय महाप्रबंधक, परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र. 01, सतना (म.प्र.)
(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन)
श्रम न्यायालय के पीछे, मास्टर प्लान, सिविल लाइन, सतना (म.प्र.)
E-Mail : gmpiusatna@rediffmail.com, Phone No. : 07672-292290

पत्र क्र. 922/स्था./2022 **सतना, दिनांक 21.07.2022**

विज्ञप्ति

महाप्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक 01, सतना में सहायक ग्रेड-2 के 01 पद रिक्त हैं। उक्त पद की पूर्ति प्रतिनियुक्ति/संविदा पर कार्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों अथवा सेवानिवृत्त कर्मचारियों से किया जाना है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

स. क्र.	प्रतिनियुक्ति का प्रकार	प्रतिनियुक्ति के लिये अर्हता/वेतन	संविदा नियुक्ति के लिये अर्हता/वेतन विवरण/आयु सीमा आदि	रिमार्क
1.	प्रतिनियुक्ति/ संविदा	म.प्र. कार्य विभाग में कार्यरत सहायक ग्रेड 2 जिन्हें इस पद पर 05 वर्ष का अनुभव हो प्रतिनियुक्ति पर मूल विभाग में प्राप्त हो रहे वेतन एवं भत्ते देय होंगे	म.प्र. कार्य विभाग से सेवानिवृत्त कार्यालय सहायक ग्रेड 2 **वेतन -** संविदा हेतु सेवानिवृत्ति के पूर्व देय कुल वेतन से पेंशन एवं राहत राशि घटाकर, शेष राशि एकजाई वेतन के रूप में देय होगी **आयु -** दि. 01.07.2022 को 63 वर्ष से कम	

प्रतिनियुक्ति से पदों की पूर्ति न होने की स्थिति में इन्हें संविदा आधार पर भरा जाना प्रस्तावित है। अतः इच्छुक अभ्यर्थी इस पद हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

इच्छुक अभ्यार्थी प्रतिनियुक्ति हेतु उचित माध्यम से (विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित) आवेदन पत्र प्रस्तुत करें एवं संविदा पदस्थापना हेतु सीधे आवेदन प्रस्तुत किये जायें। आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 28.07.2022 सायं 6 बजे तक** है।

म.प्र. माध्यम/105560/47286/2022 **महाप्रबंधक**

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
REGIONAL OFFICE, INDORE
101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452007 (M.P.) Phone : (0) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629
E-mail : ed.roind@mpidc.co.in , Website : www.invest.mp.gov.in
GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850

No. MPIDC/R.O./IND/Tech/2022/3738 **Date : 22.07.2022**

NOTICE INVITING TENDER (Second Call)

Tender for the following work have been proceeded on the e-procurement system– **http://www.mptenders.gov.in & www.mpakvnindore.com** as mentioned below :-

S. No.	Name of work	PAC [Rs. in Lacs]	Cost of Tender Form	EMD	Last date of submission
1.	Operation & Maintenance of Water Supply Scheme, Street Light network, sewer line storm water drain and Administrative building housekeeping at I/A Namkeen Cluster, Sanwer Road, Indore for a Period of Two Years.	Rs. 22.08 lacs	Rs. 5900/- i/c GST	Rs. 44160/-	03.08.2022

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.
M.P. Madhyam/105569/47288/2022 **EXECUTIVE ENGINEER**

प्रदेश में 36 हजार 12 हितग्राहियों को आवास के लिए 357 करोड़ रुपये आवंटित

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में स्वीकृत आवासों का कार्य पूर्ण करने के लिए 312 नगरीय निकायों के 36 हजार 12 हितग्राहियों को 357 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि जारी की गयी है। आवंटित राशि में प्रथम किश्त के रूप में 26 हजार 598 हितग्राहियों को 264 करोड़ 91 लाख रुपये और द्वितीय किश्त के रूप में 9 हजार 414 हितग्राहियों को 92 करोड़ 71 लाख रुपये जारी किए गए हैं।

निर्वाचन पूर्ण होने पर राज्य निर्वाचन आयुक्त ने जताया आभार

भोपाल, राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022 पूर्ण होने पर आभार व्यक्त किया है। श्री सिंह ने इतने कम समय में दोनों निर्वाचन पूरा करने में सभी मतदाताओं, अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मीडिया के सहयोग पर आभार जताया है।

श्री सिंह ने कहा है कि देश में पहली बार किसी राज्य में त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन एक साथ कराए गए हैं। गौरतलब है कि 27 मई को त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन और एक जून को नगरीय निकाय निर्वाचन की घोषणा की गयी थी। पंचायत निर्वाचन में जिला पंचायत सदस्य के 875, जनपद पंचायत सदस्य के 6 हजार 771, सरपंच के 22 हजार 924 और पंच के 3 लाख 63 हजार 355 पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गयी। इसी तरह नगरीय निकाय निर्वाचन में महापौर के 16 और पार्षदों के 6 हजार 507 पद के लिए निर्वाचन कराया गया।

जल जीवन मिशन

मध्यप्रदेश में प्रत्येक ग्रामीण परिवार हो पेयजल समस्या से मुक्त

भोपाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राज्य मंत्री श्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने जल भवन में मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण परिवारों की पेयजल समस्या का हल, हर घर नल और नल से जल है। उन्होंने कहा कि मिशन में किए जाने वाले कार्यों में गुणवत्ता के साथ यह जरूर देखा जाये कि पाइप लाइन बिछाने के लिए प्रभावित हुई सड़कों का निर्माण सुचारू ढंग से पूर्ण हो। मिशन के कार्य ग्रामवासियों की सहूलियत के लिए हो रहे हैं और यदि उन्हें इन कार्यों से आवागमन में कठिनाई आये तो इससे अच्छा संदेश नहीं जायेगा।

श्री यादव ने कहा कि लक्ष्य के आधार पर देश के अन्य राज्यों से हमारे प्रदेश में मिशन की प्रगति बेहतर है। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल में सुनियोजित प्रयास करें, ताकि किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नहीं हो। श्री यादव ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को मिशन की पूरी जानकारी देकर मिशन से जोड़ा जाए और सहयोग भी लिया जाये। राज्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में मिशन के कार्यों की समीक्षा किसी भी स्तर से किए जाने पर वह सही प्रमाणित हों, इस बात का हमें विशेष ध्यान रखना है। इसके लिए जरूरी है कि मिशन में उपलब्धि दर्ज कराने के पूर्व किए गए कार्य का मौका-मुआयना अवश्य किया जाये।

अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री मलय श्रीवास्तव ने बताया कि 51 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को उनके घर में नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाया जा रहा है। साथ ही 55 लाख से अधिक परिवारों को नल कनेक्शन देने के लिए मिशन के कार्य विभिन्न स्तर पर प्रगतिरत हैं। प्रदेश के लिए निर्धारित लक्ष्य में 41.78 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर ली गई है और वर्ष के अंत तक इसे 50 प्रतिशत तक पहुंचाने के प्रयास हैं।

प्रदेश में जल जीवन मिशन में 4 हजार 694 गांवों के शत-प्रतिशत परिवारों को नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाया जा चुका है। साथ ही 8 हजार 66 गांवों के लिए मिशन में 70 से 90 प्रतिशत कार्य हो चुके हैं और 16 हजार 324 गांवों में यह प्रगति 70 प्रतिशत के करीब है। जुलाई से सितम्बर के त्रैमास में 9 हजार 663 ग्रामों के 15 लाख 56 हजार परिवारों के लिए मिशन में अन्य जल संरचनाओं के कार्य प्रारम्भ किए जायेंगे।

जनता को सुशासन और सुरक्षा देना राज्य सरकार का कर्तव्य - मुख्यमंत्री

पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिलाने शुरू किया अभियान

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में चाय पर चर्चा कार्यक्रम में स्थानीय रहवासियों से रू-ब-रू हुये।

भोपाल, जनता परेशान हो, तो सरकार का मतलब क्या है। जनता को सुशासन और सुरक्षा देना राज्य सरकार का कर्तव्य है। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को हर योजना का लाभ मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए आज से प्रदेश में अभियान आरंभ किया जा रहा है। हमारी सरकार जनता की जिंदगी बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। समाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए राज्य सरकार कार्य कर रही है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में 12 नंबर बस स्टॉप के पास स्थित मल्टी क्षेत्र में 'चाय पर चर्चा कार्यक्रम' में स्थानीय रहवासियों से रू-ब-रू होते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने लाड़ली लक्ष्मी, आयुष्मान भारत, स्व-निधि, संबल और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने स्थानीय रहवासियों के साथ चाय और अल्पाहार ग्रहण किया। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग, भोपाल की नव-निर्वाचित महापौर श्रीमती मालती राय, पूर्व सांसद श्री आलोक संजर, पूर्व महापौर श्री आलोक शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता श्री सुमित पचौरी और श्री राहुल कोठारी उपस्थित थे।

श्री चौहान ने कहा कि यह आम सभा नहीं विश्वास सभा है। हमारी सरकार ने जो कहा वह सब किया जा रहा है। राज्य शासन, जनता से सतत संपर्क और संवाद में है। आज की यह चाय पर चर्चा राज्य सरकार की प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चाय पर चर्चा में स्थानीय रहवासियों से क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। रहवासियों ने बताया कि मल्टी स्टोरी में ऊपर के फ्लैट्स में पानी नहीं आता है।

मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में तत्काल ओवरहेड टैंक बनाने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने मल्टी स्टोरी भवनों की मरम्मत, जीर्णोद्धार और रंगाई-पुताई का कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गुंडे-बदमाशों और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में स्थाई पुलिस चौकी स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने राशन वितरण, स्थानीय निवासियों को आयुष्मान भारत कार्डों की उपलब्धता, विद्युत और साफ-सफाई की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मल्टी क्षेत्र के सभी पात्र व्यक्तियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आज से क्षेत्र में विशेष शिविर शुरू किया जा रहा है। शिविर में राशन वितरण, गरीब कल्याण योजना, आवास, उज्ज्वला योजना, स्ट्रीट वेंडर आदि विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन करने की सुविधा है। प्राप्त आवेदनों का एक सप्ताह में निराकरण कर दिया जाएगा।

पुलिसकर्मी विक्रम विश्वविद्यालय में फोरेंसिक और पुलिस साइंस में ले सकेंगे प्रवेश

भोपाल, मध्यप्रदेश के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए फोरेंसिक और पुलिस साइंस की पढ़ाई करने का सुनहरा मौका उज्जैन के विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा दिया जा रहा है। इस संबंध में मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा सभी पुलिस इकाइयों को पत्र भेजा जा चुका है।

विश्वविद्यालय में बीए पुलिस साइंस और बीएससी एवं एमएससी फोरेंसिक साइंस पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश जारी हैं। फोरेंसिक साइंस पाठ्यक्रम में अपराधों का शीर्ष विश्लेषण जैसे मनोविज्ञान निदान, कानून, न्याय, अपराध विज्ञान, गुणवत्ता विश्लेषण एवं नियंत्रण, डेटा विश्लेषण, जैव सूचना विज्ञान, शिक्षण, प्रयोगशाला प्रलेखन से संबंधित क्षेत्रों में प्रशिक्षण, अपराध के दृश्यों का विश्लेषण और उन्नत निदान तकनीकी शामिल है। साथ ही पाठ्यक्रम नवीन प्रशिक्षण के किट, उन्नत उपकरणों एवं उनका उपयोग कर अपराधी एवं उसके द्वारा किये गए अपराधों को साबित करने के लिए सबूतों की विभिन्न तरीके से जांच जैसे फिंगरप्रिंट एवं डीएनए विश्लेषण, विष विज्ञान परीक्षण, लिखावट एवं अपराध के दृश्यों का विश्लेषण, अनुवांशिक संबंधों का विश्लेषण कर अपराध की प्रकृति एवं अपराधियों की पहचान कर उसे पकड़ने एवं फरियादी को उचित न्याय दिलाने में मदद करता है।

डेंगू-मलेरिया की रोकथाम के लिये ऐहतियाती उपायों पर दिया जाये जोर

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी भोपाल में राष्ट्रीय वैक्टरजनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया आदि की रोकथाम के लिये अपनाये जाने वाले ऐहतियाती उपायों को अमल में लाने के लिये पहल करें। बीमारी फैलने के पहले रोकथाम के उपाय किये जाने से बीमारी पर कारगर नियंत्रण पाया जा सकता है। ये बातें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भोपाल स्थित मंत्रालय में राष्ट्रीय वैक्टरजनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की राज्य टास्क फोर्स कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि डेंगू मच्छर का लार्वा साफ पानी में पनपता है। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल में घरों के आस-पास जहां साफ पानी जमा हो जाता है, वहां डेंगू मच्छर पैदा होते हैं और डेंगू फैलता है। घरों के आस-पास और अन्य स्थानों में पानी जमा नहीं होने दें। ऐसी स्थिति में डेंगू मच्छर के पैदा होने की संभावना नहीं होगी और डेंगू पर कारगर नियंत्रण प्राप्त किया जा सकता है। आम नागरिकों को डेंगू की रोकथाम के उपाय अपनाने के लिये कहा जाये। पानी एकत्र करने के बर्तनों को खुला नहीं रखें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मलेरिया, चिकुनगुनिया आदि की रोकथाम के लिये किये जाने वाले ऐहतियाती उपायों को अपनाने के लिये नागरिकों से आग्रह किया जाये। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि जनजागरूकता के लिये आवश्यक प्रचार सामग्री संबंधित विभागों के अधिकारियों तक पहुंचाएं, जिसे वे अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों के माध्यम से क्षेत्र में आम नागरिकों तक पहुंच सकेंगी।

डॉ. चौधरी ने कहा कि पंचायत, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, वन, शिक्षा आदि विभागों का अमला नागरिकों से सीधे सम्पर्क में रहता है। इन विभागों के मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों की बीमारियों की रोकथाम के लिये जनजागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को इस दिशा में पहल करने के लिये कहा। एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास ने मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू/चिकुनगुनिया, जापानीज एन्सेफेलाइटिस बीमारियों की स्थिति पर प्रजेंटेशन दिया। स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े और टास्क फोर्स कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

संस्कृत विद्यालयों के कक्षा 10वीं और 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी

भोपाल, महर्षि पंतजलि संस्कृत संस्थान के चेयरमैन श्री भरत वैरागी ने संस्कृत विद्यालयों के कक्षा 10वीं और 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किए। कक्षा 10वीं में 3284 और कक्षा 12वीं में 3277 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। कक्षा 10वीं में 64.28 प्रतिशत और कक्षा 12वीं में 76.99 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं में वैदिक विद्यापीठम संस्कृत चिचोटकुटी छीपानेर, हरदा के श्री सूरज मालवीय ने और कक्षा 12वीं में श्री राम संस्कृत महाविद्यालय जानकीकुण्ड चित्रकूट, जिला सतना के छात्र श्री धीरज कुमार ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

परीक्षा परिणाम एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट mpss.mponline.gov.in पर प्रदर्शित हैं। विद्यार्थी अपना रोल नंबर अंकित कर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

बीएलओ एवं ऑपरेटर्स को मतदाता सूची के संशोधित फार्म के साथ दिया प्रशिक्षण

भोपाल, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं के नाम जोड़ने, नाम पर आपत्ति करने, मतदाता के नाम संशोधन करने एवं मतदाता के नाम का स्थानांतरण एवं विधानसभा क्षेत्र से अन्य विधानसभा क्षेत्र में करने संबंधी प्रयोग में आने वाले निर्धारित फार्म-6, 6ख, 7 एवं 8 में परिवर्तन किया गया है। इसके संबंध में सीहोर, रायसेन एवं विदिशा जिले के चुनिंदा बीएलओ और ऑपरेटर्स का प्रशिक्षण 20 जुलाई को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में दिया गया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता के नाम जोड़ने आदि से संबंधित जिन फार्मों में परिवर्तन किया गया है, उसमें सर्वप्रथम मतदाताओं का आधार नम्बर एवं मोबाइल नम्बर की जानकारी दी जाना भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वैच्छिक रखा गया है। उपस्थित बीएलओ एवं ऑपरेटर्स को नवीन संशोधित फार्मों के संबंध में आयोग द्वारा बनाये गये एसओपी के तहत प्रारूप 6 के 60, 6ख के 60, 7 के 60 एवं 8 के 120 फार्मों का डेमो सॉफ्टवेयर में एन्ट्री कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में शामिल सभी बीएलओ से अपेक्षा की गई कि वे अपने मतदान क्षेत्र के सभी मतदाताओं से सम्पर्क कर फार्म 6ख में जानकारी एकत्रित करें। साथ ही अन्य फार्मों में जो परिवर्तन किये गये हैं, उसकी जानकारी सभी मतदाताओं को देने का प्रयास करें। इसका अभियान एक अगस्त से प्रारंभ किया जायेगा। इस संबंध में पूर्ण तैयारी करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये गये हैं। यह भी जानकारी दी गई कि इस संबंध में सभी उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ भोपाल में मीटिंग की जायेगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

विशेष पिछड़ी जनजातियों के शैक्षणिक स्तर का अध्ययन कराएं - राज्यपाल

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल भोपाल में जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, विशेष पिछड़ी जनजातियों के शैक्षणिक स्तर का अध्ययन कराया जाना चाहिए। लक्षित समूह में जो शिक्षा से वंचित और विकास के लाभ से दूर हैं, उनको विकास की मुख्य धारा में शामिल करने के प्रयासों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भोपाल स्थित राजभवन में जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुये कहीं।

राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विकास मैप बनाया जाए। इसमें प्रदेश के 89 विकासखंड में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का विवरण संधारित किया जाए। बुनियादी अधोसंरचना निर्मित करने की आवश्यकताओं को चिन्हित किया जाए। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का प्रभावी क्रियान्वयन विकास मैप के द्वारा किया जा सकेगा। श्री पटेल ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं और लाभों की जानकारी देने के लिए कहा। बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों का डेटाबेस तैयार करने की जरूरत बताई। राज्यपाल ने कहा कि सफल विद्यार्थियों के अनुभवों को साझा करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। उनके साथ चर्चा द्वारा भावी पीढ़ी को प्रेरित करने और उनके अनुभवों के अनुसार योजनाओं में प्रक्रियात्मक व्यवस्थाओं, परिवर्धन और क्रियान्वयन कार्य को अधिक बेहतर किया जा सकेगा।

राज्यपाल ने जनजातीय आबादी के अनुपात में बजट राशि की उपलब्धता की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि बजट निर्माण प्रक्रिया वर्ष के प्रारंभ में शुरू होती है। इसलिए जरूरी है कि विभाग नवीन योजनाओं, कार्यक्रमों और उनके लिए वित्तीय आवश्यकताओं के संबंध में दिसम्बर माह के अंत तक राशि की मांग शासन के समक्ष प्रस्तुत कर दें।

जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री दीपक खांडेकर, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य श्रीमती डॉ. पल्लवी जैन गोविल, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा, जनजातीय प्रकोष्ठ के सदस्य सचिव श्री बी.एस. जामोद सहित सदस्य और विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

दस्तक अभियान

बच्चों की बीमारियों और कुपोषण के निदान के लिए सेहत की दस्तक

भोपाल, पांच वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के स्तर को ठीक रखने के उद्देश्य से दस्तक अभियान 18 जुलाई से शुरू किया गया है। अभियान 31 अगस्त तक जारी रहेगा। अभियान में एएनएम, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का संयुक्त दल घर-घर जाकर 5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर बीमारियों की पहचान करेगा। साथ ही उचित उपचार करवाना भी सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा इस अवधि में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा अभियान भी संचालित कर छोटे बच्चों में होने वाले दस्त रोग की पहचान प्रबंधन और उपचार के विषय में लोगों को जानकारी दी जाएगी। बच्चों में होने वाले निमोनिया की त्वरित पहचान करने, प्रबंधन करने और रेफरल के विषय में भी परिवारों को जागरूक किया जाएगा।

दस्तक अभियान में गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान और प्रबंधन की जानकारी लोगों को दी जाएगी। साथ ही 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों का डिजिटल हिमोग्लोबिनो मीटर के उपयोग से गंभीर एनीमिया अर्थात खून की कमी की स्क्रीनिंग कर उसका प्रबंधन किया जाएगा। दस्त की रोकथाम के लिए ओआरएस और जिंक के उपयोग के प्रति सामुदायिक जागरूकता लाई जाएगी। जिन घरों में 5 वर्ष तक की आयु के बच्चे हैं, वहां ओआरएस पैकेट्स का वितरण भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन 'ए' का घोल पिलाया जाएगा। बच्चों में दिखने वाली जन्मजात विकृतियों की पहचान कर उनमें आवश्यक प्रबंध किया जाएगा।

अभियान में बच्चों और शिशुओं को संतुलित आहार के विषय में जानकारी दी जाएगी। एसएनसीयू और एनआरसी से छुट्टी प्राप्त बच्चों की बीमारी की स्क्रीनिंग और आवश्यकतानुसार रेफरल भी किया जाएगा। गृह भेंट के दौरान आंशिक रूप से टीकाकृत और टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण भी किया जाएगा। संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन श्रीमती प्रियंका दास ने नागरिकों से अपील की है कि वे दस्तक अभियान में सहयोग प्रदान करें।

व्यावसायिक शिक्षा में ट्रेड/जॉब रोल में प्रवेश

भोपाल, नवीन व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत ट्रेड/जॉब रोल में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के संदर्भ में स्पष्ट किया गया है कि व्यावसायिक शिक्षा ट्रेड/जॉब रोल में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी भाषाओं के चयन में हिंदी एवं संस्कृत/उर्दू/शेष अन्य भाषाओं के साथ व्यावसायिक शिक्षा ट्रेड/जॉब रोल चयन कर सकते हैं। इसी प्रकार अंग्रेजी एवं संस्कृत/उर्दू/शेष अन्य भाषाओं के साथ व्यावसायिक शिक्षा ट्रेड/जॉब रोल का चयन कर सकते हैं। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी और संस्थान के प्राचार्यों को निर्देश जारी किए हैं।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

हिमोग्लोबिनोपैथी निदान कार्यक्रम की नवीन योजना स्वीकृत

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया कि राज्य हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन योजना की स्वीकृति एवं निरंतरता प्रदाय की जाये। योजना से सिकल सेल रोगियों की रूग्णता और मृत्यु-दर को कम करने तथा हिमोग्लोबिनोपैथी के प्रसार को रोकने के लिए जेनेटिक काउंसलिंग, सिकल सेल एनीमिया, थैलीसिमिया और अन्य हिमोग्लोबिनोपैथी विकास के लिये समुदाय स्तर पर स्क्रीनिंग कर बीमारी की पहचान कर आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित किया जायेगा। प्रदेश में हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन का गठन जून 2021 में किया गया था। योजना का विस्तार प्रदेश के सभी 89 जनजातीय विकासखण्डों में किया जायेगा। योजना वर्ष 2022-23 से 2023-24 में क्रियान्वित होगी। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

- मंत्रिपरिषद ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों तथा निःशक्तजनों के बैकलॉग/कैरीफॉरवर्ड पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान की समय-सीमा में एक जुलाई 2022 से 30 जून, 2023 तक एक वर्ष की वृद्धि को मंजूरी दी।
- मंत्रिपरिषद ने चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल में पी.जी. सीट वृद्धि के लिये 116 करोड़ 90 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल के विभिन्न विभाग में चिकित्सा क्षेत्र के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिये कुल 134 पी.जी. सीट्स की वृद्धि होगी, जिससे प्रदेश को प्रतिवर्ष अतिरिक्त संख्या में विषय-विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हो सकेंगे।
- मंत्रिपरिषद द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय, ग्वालियर में निर्माणाधीन 1000 बिस्तरीय अस्पताल के लिये पूर्व में जारी प्रशासकीय स्वीकृति राशि 338 करोड़ 46 लाख रुपये के स्थान पर राशि 397 करोड़ 5 लाख रुपये की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।
- भोपाल में मध्यप्रदेश स्टेट डाटा सेन्टर (MPSDC) संचालित है। मंत्रिपरिषद ने राज्य में मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम में स्टेट डाटा सेन्टर अंतर्गत एप्लीकेशन्स/डाटा की सुरक्षा के लिये सुरक्षा संचालन केंद्र (Security Operations Centre) स्थापित करने का निर्णय लिया।
- स्टेट डाटा सेन्टर में विभिन्न विभागों के संचालित/संधारित सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन्स एवं उनसे सम्बन्धित संवेदनशील एवं अन्य डाटा की साइबर सुरक्षा के लिये राज्य में एक सुरक्षा संचालन केंद्र का संचालन प्रवंधित सुरक्षा सेवा प्रदाता (MSS प्रदाता) मॉडल पर संचालित किया जायेगा।
- सुरक्षा संचालन केंद्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. (एमपीएसईडीसी) के अंतर्गत मध्यप्रदेश स्टेट डाटा सेन्टर में राज्य कम्प्यूटर सिक्योरिटी इंसीडेंट रिस्पॉन्स ऑपरेशन सेन्टर को प्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करेगा। सुरक्षा संचालन केंद्र, नेटवर्क ऑपरेशन केंद्र के समान ही आईटी ऑपरेशन टीम की एक इकाई है, जो नेटवर्क ऑपरेशन केंद्र से सहयोग कर क्रियान्वित रहती है।
- सुरक्षा संचालन केंद्र के सदस्य सूचना प्रौद्योगिकी के विभिन्न आई.टी. सुरक्षा तंत्र अधोसंरचना और उसके ऑपरेशन के कार्य निष्पादित करते हैं। नेटवर्क ऑपरेशन केंद्र के साथ एस.ओ.सी. द्वारा भी इंफ्रा टीम के आदेशों का दैनंदिन पालन करते हुए आईटी सुरक्षा के विभिन्न लक्ष्य की पूर्ति करेगा। प्रदेश में स्टेट डाटा सेन्टर में एप्लीकेशन्स एवं एप्लीकेशन होस्ट संबंधी गंभीर जोखिमों से बचने में सुरक्षा संचालन केंद्र सहायक के रूप में कार्य करेगा।
- मंत्रिपरिषद द्वारा सतना जिले की दौरीसागर मध्यम सिंचाई परियोजना लागत राशि 227 करोड़ 56 लाख रुपये सैंच्य क्षेत्र 7,200 हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। परियोजना से सतना जिले की मझगवां तहसील के 15 ग्रामों के 7200 हेक्टेयर रकबे में भूमिगत पाइप लाइन द्वारा प्रेशराइज्ड पद्धति से रबी सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी एवं मंदाकिनी नदी के सतत प्रवाह के लिये आवश्यक जल उपलब्ध होगा।
- मंत्रिपरिषद ने व्यावसायिक महाविद्यालय, राजगढ़ के लिये 30 शैक्षणिक एवं 43 गैर-शैक्षणिक पदों (कुल 73 पदों) एवं वार्षिक आवर्ती व्यय 4 करोड़ 96 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की।
- मंत्रिपरिषद द्वारा वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 में जारी की गयी अधिसूचना क्रमांक एफ बी-04-08-2020-2-पांच (35), 23 जुलाई 2020 द्वारा दी गयी रियायतों को पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना में दिये जाने वाले 20 हजार रुपये तक के ऋणों के लिये विस्तारित करने का निर्णय लिया गया। हितग्राहियों को दस्तावेजों पर देय स्टाम्प शुल्क 10 रुपये नियत किया गया।
- मंत्रिपरिषद ने औद्योगिक नीति निवेश प्रोत्साहन विभाग के अधीन विकसित/विकासाधीन एवं अविकसित भूमि के उचित एवं कुशल प्रबंधन के लिये नवीन मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम 2019 संशोधित करने का निर्णय लिया। इसमें कण्डिका 12 (ii) स में औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि/भवन का आवंटन पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से होने के साथ ही राजस्व में बढ़ोत्तरी हो, इसके लिये प्रथम आओ प्रथम पाओ के स्थान पर ई-विडिंग प्रक्रिया का प्रावधान किया गया है।
- मंत्रिपरिषद द्वारा खनिज साधन विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश जिला खनिज प्रतिष्ठान नियम 2016 में प्रस्तावित संशोधन के संबंध में अनुमोदन प्रदान किया गया। इसमें जिला खनिज प्रतिष्ठान बोर्ड एवं कार्यकारी समिति के अध्यक्ष के रूप में जिला कलेक्टर को रखा जाएगा। बोर्ड एवं कार्यकारी समिति में सदस्य के रूप में लोकसभा तथा मध्यप्रदेश विधानसभा के सदस्य के साथ राज्यसभा के सदस्य को भी शामिल किया जाएगा।
- मध्यप्रदेश जिला खनिज प्रतिष्ठान नियम, 2016 में वर्तमान में जिला खनिज प्रतिष्ठान में जमा राशि का नियम 13 (2) (ड) अनुसार राज्य खनिज निधि में अंतरित करने का प्रावधान है। भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य खनिज निधि का प्रावधान समाप्त किया जा रहा है। अतः पूर्व में जिला खनिज प्रतिष्ठान अंतर्गत राज्य खनिज निधि में जमा राशि का उपयोग किये जाने के लिये नियमों में प्रावधान किया गया है। उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य तकनीकी सुधार मध्यप्रदेश जिला खनिज प्रतिष्ठान नियम, 2016 में किये गये हैं।
- प्रतिष्ठान के उद्देश्य अनुसार खनन प्रभावित क्षेत्रों में विविध विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के साथ स्थानीय लोगों को रोज़गार के अवसर सृजित हो सकेंगे।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम, 1996 में संशोधन के संबंध में अनुमोदन प्रदान किया गया। वर्तमान में नियमों में ई-निविदा से उत्खनन पट्टा प्रदान करने की प्रक्रिया निर्धारित है। अब ई-निविदा से उत्खनि पट्टा एवं समेकित अनुज्ञप्ति पृथक-पृथक आवंटित करने का नियमों में संशोधन किया।
- निजी भूमि में वर्तमान नियम में अनुसूची-पांच के उत्खनन पट्टा भूमि-स्वामी अथवा उसके सहमति धारक को आवंटित करने का प्रावधान है। वर्तमान प्रावधान में उत्खनन पट्टा ग्रांट करने से पूर्व भूमि-स्वामी को पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति का कार्य करना भी अनिवार्य किया गया है। वर्तमान निर्धारित प्रक्रिया समेकित अनुज्ञप्ति ही है, इसलिये नियमों में निजी भूमि पर उत्खनन पट्टा प्रदान करने के शब्द के स्थान पर समेकित अनुज्ञप्ति का शब्द समाविष्ट किया जाना प्रावधानित किया गया है।
- प्रदेश के निर्यात को प्रोत्साहन देने और किसानों को उनकी उपज गेहूं के बेहतर मूल्य दिलाने एवं राष्ट्रीय निर्यातकों/कृषि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये पात्र निर्यातकों को मंडी फीस की प्रतिपूर्ति की जाना है। इस के लिये 'गेहूं' के निर्यातकों को गेहूं क्रय में भुगतान की गई मंडी फीस की प्रतिपूर्ति के संबंध में प्रस्तावित योजना एवं परिप्रेक्ष्य में निर्यातकों के लिए स्पष्ट प्रावधान करने के लिये कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) के अधीन राज्य शासन द्वारा निर्मित नियम 'मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी' (एक से अधिक मंडी क्षेत्रों के लिए विशेष अनुज्ञप्ति) नियम, 2009 में संशोधन की कार्यवाही के लिये निर्णय लिया गया।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 2022 का अनुमोदन किया। विधेयक को विधानसभा में पुरः स्थापित कर पारित कराने की सभी आवश्यक कार्यवाही करने के लिये राजस्व विभाग को अधिकृत किया गया।
- मंत्रिपरिषद ने भारत-ओमान रिफायनरी लिमिटेड द्वारा उत्पादित नेफ्था के उपयोग से एमओयू के अनुसार फर्स्ट राइट ऑफ रिफ्यूजल के अधीन 19 नवम्बर 2020 से 5 वर्षों तक नेफ्था के उपयोग एवं ट्रेडिंग की सहमति प्रदान की।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

शाला त्यागी बच्चों की पढ़ाई निरंतर रखने के निर्देश जारी

भोपाल, राज्य शासन ने शाला त्यागने वाले ऐसे बच्चे, जिनके अभिभावक में से कोई एक या दोनों की मृत्यु मार्च 2020 के बाद हुई है की शिक्षा निरंतर रखने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के पालन में लोक शिक्षण संचालनालय ने इस कार्य के लिए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

सभी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के 25 जून, 2021 को जारी आदेश का पालन किया जाना सुनिश्चित करेंगे। जो विद्यार्थी अभिभावक की मृत्यु के कारण किसी अन्य स्थान पर जाकर शिक्षा पूरी करना चाहते हैं उनके स्थानांतरण प्रमाण-पत्र जारी करना सुनिश्चित किए जाएंगे। विद्यार्थियों के हित में सभी नोडल अधिकारी शाला त्यागी विद्यार्थियों को उन्हीं स्कूलों में वापस प्रवेश दिलाने का प्रयास करेंगे जहां अभिभावक की मृत्यु के पहले वे पढ़ते थे।

शाला त्यागी वे बच्चे माने जायेंगे जो नियमित रूप से 30 दिनों से शाला से अनुपस्थित रहे, जिन्होंने शालाओं में कभी प्रवेश ही नहीं लिया, शाला में एक बार प्रवेश लेने के बाद 8 वर्ष की अनिवार्य शिक्षा ग्रहण नहीं की और 14 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे विद्यार्थी, जो शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत तो नहीं आते हैं परंतु अभिभावक की मृत्यु के कारण जिन्होंने पढ़ाई छोड़ दी है। सभी जिला शिक्षा अधिकारी ऐसे विद्यार्थियों की मैपिंग करते हुए और उनके शाला त्यागी होने के कारणों का विश्लेषण करते हुए उनकी शिक्षा पूरी कराएंगे।

कोविड काल में अभिभावक की मृत्यु होने पर प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों की पढ़ाई निरंतर रखने के लिए मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना में व्यवस्था की जा रही है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के पालन की नियमित समीक्षा करने के लिए एक पोर्टल बनाया जा रहा है। सभी नोडल अधिकारी इस पोर्टल पर शाला त्यागी बच्चों की पढ़ाई की निरंतरता के बारे में जानकारी अपडेट करेंगे।

जल जीवन मिशन में छह हजार से अधिक गांव और हुए शामिल

भोपाल, जल जीवन मिशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 11 हजार 100 करोड़ 72 लाख की पुनरीक्षित 25 समूह जलप्रदाय योजनाएं मंजूर की हैं। मध्यप्रदेश जल निगम इन जलप्रदाय योजनाओं के निर्माण का कार्य प्रारंभ कर रहा है। इन योजनाओं से भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, इंदौर, नर्मदापुरम, सागर और ग्वालियर संभाग के 18 जिलों की ग्रामीण आबादी को हर घर नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जायेगी।

मिशन की जलप्रदाय योजनाओं से 6 हजार 261 ग्रामों के 9 लाख 34 हजार से अधिक परिवारों को पेयजल की सुविधा मुहैया होगी। यह योजनाएं भोपाल, विदिशा, रायसेन, उज्जैन, मंदसौर, नीमच, रतलाम, छिंदवाड़ा, मंडला, खरगोन, खंडवा, बैतूल, सागर, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, दतिया और शिवपुरी जिले की 71 लाख से अधिक ग्रामीण आबादी की पेयजल की जरूरत को पूरा करेंगी।

अब तक 35 हजार गांव मिशन में शामिल

प्रदेश में जल जीवन मिशन में हो रहे कार्यों से अब तक 51 लाख 15 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों को उनके घर पर नल से जल उपलब्ध करवाया जा चुका है। करीब 5 हजार 300 गांव ऐसे हैं, जिनमें प्रत्येक परिवार तक नल से जल की सुविधा दी जा चुकी है।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम

अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए - राज्यपाल

अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों की फास्ट ट्रैक में हो सुनवाई

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। कार्रवाई ऐसी हो, जिससे गुनाहगार को सबक मिले। अपराधियों में भय का वातावरण निर्मित हो। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भोपाल स्थित राजभवन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुये कहीं।

राज्यपाल ने कहा कि अधिनियम में पंजीबद्ध प्रकरणों में अनुसंधान की गुणवत्ता के साथ ही समय-सीमा निर्धारित कर फास्ट ट्रैक में कार्रवाई सुनिश्चित की जाना चाहिए। राज्यपाल ने अधिनियम के समुचित क्रियान्वयन के लिए स्थापित आधारभूत व्यवस्था और क्रियान्वयन की जानकारी भी प्राप्त की। बताया गया कि अधिनियम में अपराधों के अनुसंधान, अभियोजन और दंडात्मक कार्रवाई की कई स्तरों पर समीक्षा की जाती है। अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक अजाक थाना को एक-एक वीडियो कैमरा उपलब्ध करवाया है।

बैठक में बताया गया कि पुलिस कर्मचारियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जाते हैं। प्रदेश में अजाक रेंज स्तर पर दो दिवसीय 14 प्रशिक्षण शिविर में लगभग 700 और जिला स्तर पर दो दिवसीय 60 प्रशिक्षण शिविर में लगभग 3500 पुलिस अधिकारी को अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गों के प्रति संवेदनशीलता, अनुसंधान और राहत कार्य आदि का प्रशिक्षण दिया गया। समाज के सभी वर्गों में समरसता लाने के लिए समय-समय पर जन-चेतना शिविर भी लगाए जाते हैं।

राज्य एवं जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समितियों की नियमित बैठक, नोडल अधिकारियों की प्रत्येक तिमाही समीक्षा और साक्षी संरक्षण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया है। अत्याचार से प्रभावित क्षेत्रों को परिलक्षित क्षेत्र घोषित करने और हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाती है।

जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष श्री दीपक खांडेकर, अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव विधि एवं विधाई श्री बी.के. द्विवेदी, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

ट्रेवल ट्रेड मीट

विश्व पटल पर अग्रणी बनेगा मध्यप्रदेश पर्यटन - सुश्री ठाकुर

भोपाल, पर्यटन, संस्कृति और अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन विश्व पटल पर अग्रणी बनेगा। इसके लिए सभी के सांझे प्रयासों की आवश्यकता है। सुश्री ठाकुर कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में ट्रेवल ट्रेड मीट को संबोधित कर रही थीं। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश के ट्रेवल एजेंट्स, टूर ऑपरेटर्स और होटल संचालकों को पर्यटन गंतव्यों के प्रति जागरूक करने, आगामी आयोजनों एवं ट्रेवल एग्जीबिशन में सहभागिता की जानकारी देने के लिए मीट की गई।

सुश्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर अध्यात्मिक पर्यटन को तेजी से बढ़ावा देना होगा। पुरातन नदी मां नर्मदा, उज्जैन एवं ओंकारेश्वर में दो ज्योतिर्लिंग, राहू ग्रह का जन्म स्थान कुक्षी जैसे कई पवित्र और अद्वितीय स्थान प्रदेश में हैं, जो विश्व में प्रख्यात हैं। इन सभी धरोहरों को शोकेस कर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। सुश्री ठाकुर ने कहा कि मध्यप्रदेश में अन्य राज्यों की तुलना में पर्यटन की अधिक संभावनाएं हैं। यहां प्राकृतिक पर्यटन के साथ ऐतिहासिक और पुरातात्विक धार्मिक, स्वास्थ्य और ग्रामीण पर्यटन भी है। इन सभी संभावनाओं पर परस्पर सहयोग से कार्य करना होगा।

जी-20 और प्रवासी भारतीय सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार है मध्यप्रदेश

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंधक संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि वर्ष 2022-2023 में दो अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजन प्रवासी भारतीय दिवस और जी-20 बैठक की मेजबानी मध्यप्रदेश करने वाला है। दोनों ही आयोजनों में समन्वय का दायित्व मध्यप्रदेश टूरिज्म को सौंपा गया है।

पर्यटन, संस्कृति और अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ट्रेवल ट्रेड मीट को संबोधित करती हुईं।

प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम इंदौर में 9 जनवरी 2023 को होगा। इसमें हजारों की संख्या में एनआरआई प्रदेश में आमंत्रित किए जायेंगे, जो सभी टूर ऑपरेटर, होटेलियर, ट्रांसपोर्टर के लिए व्यापार के लिहाज से बड़ा अवसर होगा। साथ ही विश्व के प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी-20 देशों की बैठक की मेजबानी भारत को मिली है, जिसमें से कुछ बैठकें भोपाल, इंदौर और खजुराहो में होंगी।

प्रबंध संचालक पर्यटन निगम श्री एस. विश्वनाथन ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में नए नवाचार किए गए हैं। पर्यटक को पर्यटन का 360 डिग्री आनंद का अनुभव कराने निगम ने पर्याप्त व्यवस्था की है। प्रदेश का नैसर्गिक सौंदर्य और जंगल पर्यटन पूरे देश में मशहूर है। साथ ही विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं और प्रशासनिक सपोर्ट से आप सभी के कार्य को और आसान बनाया जा रहा है।

अपर प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन के लिहाज से असीम संभावनाएं हैं। उदयगिरी की गुफा में श्रीगणेश का पहला स्थापत्य रूप हो या फिर विदिशा में नटराज की विशाल प्रतिमा। कई ऐसे गंतव्य हैं, जिनका आप सभी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार हो तो ये क्षेत्र भी पर्यटन के नक्शे से जुड़ जाएंगे। इस दौरान प्रश्नोत्तर राउंड हुआ, जिसमें टूर ऑपरेटर्स ने टूरिज्म बोर्ड से अपनी अपेक्षाएं और सुधार के लिए सुझाव भी बताए।

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अटेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

अरुण अग्रवाल

टेक्सास में मिला अहम पद

अमेरिकी राज्य टेक्सास के गवर्नर येग एबाट ने

भारतवंशी समाजसेवी और डलास स्थित टेक्सटाइल कंपनी नेक्स्ट के सीईओ अरुण अग्रवाल को टेक्सास आर्थिक विकास निगम (टीएक्सईडीसी) के निदेशक मंडल में नामित किया है। अग्रवाल ने आईएमटी गाजियाबाद से एमबीए, साउदर्न न्यू हैम्पशायर विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर डिग्री और हार्वर्ड विश्वविद्यालय से इंटरनेशनल बिजनेस में एडवांस्ड सर्टिफिकेट हासिल किया है।

फ्रांस में

मनाया गया राष्ट्रीय दिवस

फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस 'बासिल डे' पर देशभर में भव्य

आयोजन हुये। एफिल टॉवर पर आतिशबाजी की गई। 14 जुलाई, 1789 बासिल के सैन्य किले पर गुस्साई भीड़ ने धावा बोल दिया था। ये फ्रांसीसी लुई शासकों के विरोध में जनक्रांति की शुरुआत मानी जाती है। तब से हर साल 14 जुलाई को बासिल डे मनाया जाता है।

पब्लिक फाउंटेन

लिथुआनिया की राजधानी में गर्मी से बचने के लिये लगाये गये

लिथुआनिया की राजधानी विनियस में ऐसी गर्मी पड़

रही है कि सार्वजनिक स्थानों पर पब्लिक फाउंटेन लगाने पड़े। लोग गर्मी से बचने के लिए पब्लिक फाउंटेन का सहारा ले रहे हैं। विनियस में पारा 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। बाल्टिक क्षेत्र के तीन देश लिथुआनिया, लातविया और एस्टोनिया में इस भीषण गर्मी के पड़ने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

चिली में

दुर्लभ मछली देख दहशत में आये स्थानीय लोग

चिली के समुद्र में दुर्लभ मछली 'ओरफिश' के दिखने से

स्थानीय लोगों में भय व्याप्त हो गया है। इसकी लंबाई लगभग 16 फीट है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस मछली का दिखाई देना आपदा के आने का संकेत है। 2011 में जापान में आये भयानक भूकंप के पहले यह मछली दिखाई दी थी। कहा जाता है कि समुद्र तल के नीचे पृथ्वी के टेक्टोनिक प्लेट्स में घर्षण की स्थिति में यह मछली समुद्र तल से ऊपर आती है। यही घर्षण भूकंप/सुनामी का कारण बनता है।

फिलिपींस में

लागू हुई स्माइलिंग पॉलिसी

फिलिपींस के एक मेयर ने सरकारी कर्मचारियों के लिये एक नया आदेश जारी किया है, जिसके मुताबिक कर्मचारियों को या तो अब मुस्कुराना होगा या फिर जुर्माना भरना होगा। क्यूजोन प्रांत के मुलाने शहर के मेयर ने स्माइलिंग पॉलिसी लागू करते हुये कहा कि

ज्यादातर दफ्तरों में सरकारी अधिकारियों से मिलने आये लोगों को बदसलूकी से बात करने जैसे व्यवहार का सामना करना पड़ता है। आदेश के अनुसार अधिकारियों को स्माइलिंग पॉलिसी को ध्यान में रखकर अधीनस्थों, मिलने वालों से बात करनी होगी, ऐसा न करने पर जुर्माने का प्रावधान रखा गया है।

मुस्तफिजुर रहमान

भारत में बांग्लादेश के अगले उच्चायुक्त होंगे

बांग्लादेश सरकार ने मुस्तफिजुर रहमान को भारत में

अपना अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया है। रहमान वर्तमान में जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में बांग्लादेश के स्थायी प्रतिनिधि और स्विट्जरलैंड में राजदूत के रूप में कार्यरत हैं। बांग्लादेश विदेश मंत्रालय ने कहा है कि नई दिल्ली में मुस्तफिजुर उच्चायुक्त मुहम्मद इमरान की जगह लेंगे।

स्विट्जरलैंड में

दुनिया की सबसे पतली घड़ी बनायी गई

स्विट्जरलैंड में रिचर्ड मिल्ले नामक कंपनी ने दुनिया की



सबसे पतली घड़ी का निर्माण किया है। घड़ी की मोटाई 1.75 है, जो एक कार्डशीट से भी कम है। इस घड़ी को ग्रेड 5 टाइटेनियम से बनाया गया है और अल्ट्रा थिन मैकेनिज्म का भी इस्तेमाल किया गया है। यह 10 मीटर की गहराई तक वाटर प्रूफ है। कंपनी का दावा है कि इस घड़ी को 6000 घंटे यानी 250 दिन में बनाया गया है। इस घड़ी का वजन महज 2.82 ग्राम है। इसकी कीमत करीब 15 करोड़ रुपये है।

पंजाब में

छात्रों ने विकसित की बोरवेल में गिरे बच्चों को निकालने की तकनीक

बोरवेल के गड्ढों में बच्चों के गिरने की घटनायें आने के

बाद बच्चों को बोरवेल से सुरक्षित निकाल पाने के लिये पंजाब के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) के उत्कर्ष द्विवेदी, राजा कुमार, रोहित चौरसिया ने रेस्क्यू मैकेनिज्म तैयार किया है। इसके तहत 6 से 12 इंच चौड़े बोरवेल से 50 किलो भार वाले बच्चे को बिना परेशानी निकाला जा सकता है।

एलियन केंचुआ

अमेरिका में जंगलों के लिये खतरा बने

अमेरिका में विदेशों से आने वाले केंचुओं की तादाद बढ़

रही है। जिन्हें वहां एलियन केंचुआ कहा जाता है। इनके कारण वहां के जंगलों में मिट्टी का कटाव शुरू हो गया है। हालांकि बगीचों के लिये तो ये फायदेमंद साबित हो रहे हैं। ये मिट्टी में हवा का संचार करते हैं, जिससे जंगलों के पेड़-पौधों को नुकसान पहुंच रहा है। केंचुए कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ाते हैं। अमेरिका के मृदा वैज्ञानिकों ने इन्हें सिर्फ जंगलों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे ग्रह के लिये खतरा बताया है।

केरल

अपनी इंटरनेट सेवा प्रारंभ करने वाला पहला राज्य बना

केरल ने इंटरनेट के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। केरल देश का पहला और इकलौता ऐसा राज्य बन गया है, जिसके पास खुद की इंटरनेट सेवाएं हैं। जानकारी के अनुसार केरल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क लिमिटेड को टेलीकॉम डिपार्टमेंट से इंटरनेट सर्विस

प्रोवाइडर लाइसेंस मिल गया है। केरल के मुख्यमंत्री ने भी उद्बोधन में कहा कि हमारी प्रतिष्ठित केएफओएन परियोजना इंटरनेट को एक फंडामेंटल राइट्स के रूप में देने के अपने ऑपरेशन को शुरू कर सकती है।

लेटन हेविट

हॉल ऑफ फेम में शामिल

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लेटन हेविट

को अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। हेविट को 2021 में हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण वे कार्यक्रम में हिस्सा नहीं ले पाये थे। वर्ष 2022 में किसी को भी हॉल ऑफ फेम में शामिल नहीं किया गया इसीलिए उन्हें ही यह सम्मान समारोहपूर्वक दिया गया।

गूगल ने

लॉन्च की स्मार्ट जैकेट

सर्च इंजन गूगल ने साल 2017 में स्मार्ट जैकेट पेश

करने की घोषणा की थी। अब कंपनी ने इस स्मार्ट जैकेट को लॉन्च कर दिया है। इस जैकेट में कंपनी ने ब्लूटूथ इनेबल 'टैग' दिया है। यह टैग टचपैड की तरह काम करता है। इसके साथ संगीत और अन्य एप को भी टैग द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है। यह टैग काफी छोटा है। इसकी वजह से इसका इस्तेमाल इस जैकेट में किया गया है।

स्पेन में

फ्री होगा ट्रेन का सफर

स्पेन में सितम्बर महीने से कुछ ट्रेनों में लोग मुफ्त में

सफर कर सकेंगे। आगामी सितम्बर माह से मध्यम दूरी की ट्रेनों में यात्रा मुफ्त में होगी। राष्ट्रीय रेल ऑपरेटर रेनफे द्वारा चलाई जाने वाली 300 किलोमीटर से कम की यात्रा को कवर करने वाली सभी कम्प्यूटर ट्रेनें सर्कानियास और रोडवीज और मध्यम दूरी की रीजनल लाइंस पर 1 सितम्बर से 31 सितम्बर तक मुफ्त में यात्रा की छूट होगी। माना जा रहा है कि यह योजना पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिये है।

मेसुत ओजिल ने

तुर्की के क्लब इस्तांबुल बासाकसेहिर से किया करार

रियल मैड्रिड और आर्सेनल के पूर्व मिडफील्डर मेसुत



ओजिल ने इस्तांबुल बासाकसेहिर से करार किया है। इससे पहले वह तुर्की के क्लब फेनेरबाहसे से जुड़े हुये थे। इस्तांबुल बासाकसेहिर ने कहा कि ओजिल का करार एक साल का है, इसे आगे बढ़ाये जाने का विकल्प भी होगा।

मारियो द्रागी

इटली के प्रधानमंत्री ने दिया इस्तीफा

इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्रागी ने देश में राजनीतिक

अस्थिरता के बीच अपने इस्तीफे का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सीनेट में विश्वास मत जीतने के बावजूद इस्तीफे का ऐलान किया, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पार्टी '5 स्टार मूवमेंट' ने इसमें हिस्सा नहीं लिया था। यूरोपियन सेंट्रल बैंक के पूर्व प्रमुख द्रागी फरवरी 2021 में प्रधानमंत्री बने थे।

175 रुपये का सिक्का

देश में पहली बार जारी होगा

केंद्र सरकार आईआईटी रुड़की की स्थापना के 175 साल पूरे होने के अवसर पर 175 रुपये का विशेष



सिक्का जारी करेगी। सिक्कों के संग्रहकर्ता सुधीर लुणावत के मुताबिक देश में पहली बार जारी होने वाले 175 रुपये के सिक्के का वजन 35 ग्राम होगा। इसमें 50 प्रतिशत चांदी, 40 प्रतिशत तांबा और 5-5 प्रतिशत निकल, जस्ते का मिश्रण होगा। इसकी गोलाई 44 मिलीमीटर होगी। सिक्के के मुख्य भाग पर आईआईटी रुड़की के मुख्य प्रशासनिक भवन का फोटो होगा। फोटो के नीचे दाईं तरफ 1847 और बाईं तरफ 2022 लिखा होगा।

जेम्स वेब टेलिस्कोप

ब्रह्मांड की सबसे हाई रिजॉल्यूशन वाली पहली तस्वीर जारी

ब्रह्मांड की सबसे हाई रिजॉल्यूशन वाली पहली तस्वीर

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा द्वारा जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप से ली गई है। नासा प्रमुख बिल नेल्सन ने कहा - "हम 13 अरब साल पीछे मुड़कर देख रहे हैं। इन छोटे कणों में से एक पर आप जो प्रकाश देख रहे हैं, वह 13 अरब साल से यात्रा कर रहा है।" यह तस्वीर कई गैलेक्सियों का एक समूह है। तस्वीर में वे गैलेक्सी भी दिख रही हैं जो बिग बैंग के बाद बनी थीं। व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने तस्वीर जारी कर कहा - यह तस्वीरें बताती हैं कि अमेरिका कितने बड़े कारनामे कर सकता है। 75 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप को पिछले साल 25 दिसंबर को फ्रेंच गुयाना से लॉन्च किया गया था।

स्मृति शेष

'दिल ढूंढता है' जैसे बेहतरीन गीत को सुर देने वाले भूपिंदर सिंह नहीं रहे

'दिल ढूंढता है' और 'नाम गुम जायेगा'... जैसे बेहतरीन

गीत गाने वाले प्रख्यात गायक भूपिंदर सिंह का मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। यह जानकारी उनकी गायिका पत्नी मिताली सिंह ने दी। वह 82 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा है। भूपिंदर सिंह लंबे समय से बीमार थे, कुछ दिनों पहले उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जेम्स बॉन्ड का थीम म्यूजिक देने वाले कंपोजर मोंटी का निधन

जेम्स बॉन्ड सीरीज की फिल्मों का थीम म्यूजिक देने वाले



म्यूजिक कंपोजर ब्रिटेन के मोंटी नॉर्मन का 94 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। 16 वर्ष की उम्र से उन्होंने गिटार बजाना शुरू किया था, बाद में उन्होंने बेनी हिल के बैंड में काम शुरू कर दिया था। प्रोड्यूसर अलबर्ट ने जेम्स बॉन्ड सीरीज की पहली फिल्म के लिये थीम म्यूजिक देने का अनुबंध 1962 में मोंटी से किया था।

रूस के ग्रैंड मास्टर निकोलई क्रोगियस का निधन

रूस के शतरंज ग्रैंड मास्टर और अंतर्राष्ट्रीय शतरंज

महासंघ के पूर्व उपाध्यक्ष निकोलई क्रोगियस का 91 वर्ष की उम्र में न्यूयॉर्क में निधन हो गया है। रूस के शतरंज महासंघ ने जारी बयान में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंड मास्टर, सोवियत शतरंज महासंघ के पूर्व अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष और विश्व चैंपियन बोरिस स्पास्की के कोच निकोलई क्रोगियस का न्यूयॉर्क में निधन हो गया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खरगोन

फोन नं. - 07282-231402, ई-मेल - eephedkhr@nic.in

क्रमांक/2882/निविदा/का.यं./लो.स्वा.यां./2022 खरगोन, दिनांक : 14.07.2022

निविदा सूचना क्रमांक 05/2022-23

खरगोन जिले के विभिन्न विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन, आर.सी.सी. टंकी एवं सम्पवेल, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य हेतु निविदाएं कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल द्वारा जारी यू.एस.ओ.आर. जो दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील है एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक संशोधित दरों पर, निविदा एपेंडिक्स "2.10" पर ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। जिनके टेण्डर आई.डी. क्रमशः 2022_PHED_211503, 211504, 211505, 211506, 211507, 211508, 211509 है। समस्त कार्यों की कुल अनुमानित लागत रु. 2539.23 लाख है। उपरोक्त निविदाओं में ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की एवं निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि - 02.08.2022, समय - 17.30 बजे** तथा ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि - 04.08.2022 है। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री

जी-14418/47258/2022 लोक स्वा.यांत्रिकी खण्ड खरगोन

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/प) संभाग धार
निविदा आमंत्रण सूचना

- हर वर्ष 21 नवंबर को विश्व मत्स्य दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की शुरुआत 1997 से हुई थी।
- देश का पहला मत्स्य व्यापार इनक्यूबेटर हरियाणा के गुरुग्राम में शुरू हुआ है, इसकी लागत 3.23 करोड़ रुपये है।
- देशभर में मत्स्य पालन के क्षेत्र में लगभग 30,000 सहकारी समितियां हैं।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

कृषि क्षेत्र में समृद्ध जिला है हरदा

हरदा, मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम् संभाग का एक जिला है। इस जिले का गठन 6 जुलाई, 1998 को होशंगाबाद जिले से विभाजित कर किया गया था। इस जिले से उत्तर में सीहोर, उत्तर-पूर्व में नर्मदापुरम् (होशंगाबाद), दक्षिण-पूर्व में बैतूल, दक्षिण-पश्चिम में खंडवा तथा उत्तर-पश्चिम में देवास जिला स्थित है।

हरदा जिला तीन नदियों- गंजाल, माचक और नर्मदा से घिरा हुआ है। जिले का उत्तरी भाग नर्मदा नदी की घाटी में है। इन नदियों के कारण कृषि भूमि बहुत उपजाऊ है, इसलिए यह जिला मध्यप्रदेश में सोयाबीन और गेहूं के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है।

इस जिले का इतिहास मुगलकाल से जुड़ा हुआ है, मुगल शासकों के समय में हरदा कस्बे का गठन किया गया था। हरदा को 1913 को तहसील के रूप में मान्यता मिली थी। हरदा जिले को कुल हरदा और महमूदाबाद गांवों को मिलाकर बनाया गया था। प्रशासनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए 1998 में इसे एक पूर्ण जिले का दर्जा दिया गया। यह जिला मुख्य रूप से एक आदिवासी क्षेत्र है।

इतिहास

हरदा का पुराने 'मध्य प्रान्त' में प्रमुख स्थान था और इसमें 'सिवनी मालवा' का क्षेत्र भी शामिल था। ब्रिटिश शासन के दौरान रेलवे लाइन बिछने के बाद हरदा का तेजी से विकास हुआ। 1857 में ब्रिटिश अधिकारियों ने यहां न्यायाधीश और प्रशासनिक अधिकारियों के रूप में काम किया।

जिले की भाषा और संस्कृति पर 'मालवा' और 'निमाड़' दोनों का प्रभाव मिलता है। हरदा की मुख्य भाषा भुआनी थी एवं इस क्षेत्र को भुआना क्षेत्र कहा जाता है। भुवाना का अर्थ अधिक उर्वरक भूमि से है। हरदा के दक्षिण पहाड़ी क्षेत्र में 'गोंड' और 'कोरकू' जनजाति के लोग अधिक संख्या में रहते हैं। पहले इस क्षेत्र में गोंड राजाओं का शासन था। हरदा जिले का 'बिहोला' गांव मुगल शासन का प्रमुख राजस्व केंद्र था।

18 मई, 1867 को ब्रिटिशों ने हरदा में नगर पालिका की स्थापना की थी। उनके द्वारा शहर में स्थापित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम ब्रिटिश वास्तुकला का अच्छा उदाहरण है।

अर्थव्यवस्था

हरदा जिले को कृषि में बेहतर उत्पादन के लिये भी जाना जाता है। जिले में उच्च गुणवत्ता वाली मूंग और गेहूं का उत्पादन किया जाता है। हरदा क्षेत्र में काली उपजाऊ मिट्टी है, जो गेहूं के उत्पादन के लिए उपयुक्त है। सोयाबीन भी यहां की प्रमुख फसल है।

हरदा के गेहूं का उपयोग मैदा बनाने में होता है। इससे पास्ता, नूडल्स और बेकरी प्रोडक्ट बनाए जाते हैं। यही कारण है कि इसकी मांग हमेशा राष्ट्रीय बाजार में बनी रहती है।

यहां कृषि यंत्र और बांस आधारित इकाईयां भी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

हरदा जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 6 जुलाई, 1998
2. संभाग- नर्मदापुरम्
3. जिला मुख्यालय- हरदा
4. क्षेत्रफल- 2644.32 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 5,70,465 (पुरुष-2,94,838, महिलाएं-2,75,627)
6. लिंग अनुपात- 932
7. जनघनत्व- 220 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता- 74.04 प्रतिशत
9. तहसीलें- 6 (हरदा, खिरकिया, हंडिया, टिमरनी, रहटगांव, सिराली)
10. विकासखंड- 3 (हरदा, टिमरनी, खिरकिया)
11. ग्राम पंचायत- 210
12. ग्राम- 527
13. जनपद पंचायत- 3
14. नगर पालिका- 1 (हरदा)
15. विधानसभा क्षेत्र- 2 (हरदा, टिमरनी)
16. लोकसभा क्षेत्र- 1 (बैतूल संसदीय क्षेत्र)
17. भाषा एवं बोली- हिन्दी

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- हरदा मध्यप्रदेश में सर्वाधिक औसत कृषि जोत वाला जिला है। हरदा में उपजाऊ मिट्टी होने और नदियों के कारण पर्याप्त सिंचाई सुविधा मिलने की वजह से यह जिला कृषि के क्षेत्र में अव्वल है।
- हरदा जिले के मकडाई गांव में प्रसिद्ध 'मकडाई का किला' है। इसका निर्माण गोंड राजवंश ने करीब सैकड़ों साल पहले करवाया था। ऊंची पहाड़ी पर बने इस किले में काष्ठकला से उत्कृष्ट कारीगरी देखने को मिलती है। विशाल क्षेत्र में बने इस किले में कई प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।
- भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हरदा एक महत्वपूर्ण स्थल रहा है। 1916 में लोकमान्य तिलक और दिसंबर 1933 में महात्मा गांधी ने हरदा का दौरा किया। इस दौरान गांधीजी ने हरदा के अधिकारियों और स्वयंसेवकों के काम की प्रशंसा की।
- हरदा जिले की हंडिया तहसील में दो पहाड़ियों के बीच मौजूद प्राचीन इमारत तेली की सराय है, जिसे यहां के लोग पीर बाबा की पहाड़ी के नाम से भी जानते हैं। इसका निर्माण 16-17वीं शताब्दी में एक तेली व्यापारी द्वारा अपने ग्राहकों को ठहराने के लिए किया गया था।
- नर्मदा नदी के किनारे बसा हंडिया, जिले का एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। मान्यता है कि हंडिया नर्मदा नदी के मध्य बिन्दु या नाभि कुंड पर स्थित है। नर्मदा परिक्रमा करने वाले भक्त यहीं से अपनी तीर्थ यात्रा प्रारम्भ करते है। साथ ही अत्यंत प्राचीन रिध्दनाथ महादेव मंदिर है, जिसके बारे में कहा जाता है कि इसका निर्माण स्वयं कुबेर ने करवाया था। यहां अकबर के नौ रत्न में से एक 'मुल्ला दो प्याजा (अबुल हसन)' को दफनाया गया था।
- प्राचीन गुप्तेश्वर महादेव मंदिर और महाभारतकालीन चक्रव्यूह, शिव मंदिर, सती मंदिर, ग्राम सोडलपुर स्थित कान्हा बाबा की समाधि, खेत वाली माताजी का मंदिर, लक्ष्मी नारायण बड़ा मंदिर, भादुगांव का राम जानकी मंदिर, सिराली का शिवलिंग और साई मंदिर आदि जिले में स्थित अन्य दर्शनीय स्थल हैं।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

कोविड-19 के बाद मनोविज्ञान में तेजी से बढ़े कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

यकीनन कोरोना महामारी के बाद चिंता, अवसाद और मानसिक स्वास्थ्य के मामले जितनी तेजी से बढ़े हैं, उतनी ही तेजी से मनोविज्ञान के क्षेत्र में कॅरियर के मौके बढ़े हैं। वस्तुतः मानव का मस्तिष्क अत्यधिक जटिल है तथा उतनी ही जटिल है उसकी कार्य पद्धति। मनोविज्ञान हमें मानव मस्तिष्क की जानकारी प्रदान करता है। मनोविज्ञान में हम मानव मस्तिष्क की प्रकृति, प्रक्रिया, प्रतिक्रिया तथा इससे जुड़े अन्य पहलुओं का अध्ययन करते हैं। जो युवा इस जटिलता को समझना चाहते हैं कि मनुष्य का मस्तिष्क कैसे सोचता है, क्रिया एवं प्रतिक्रिया कैसे करता है और ऐसी समस्याओं का निदान कैसे किया जा सकता है, वे अपने अध्ययन तथा कॅरियर के क्षेत्र रूप में मनोविज्ञान का चयन कर सकते हैं।

चिंता, तनाव और अवसाद के समाधान में कॅरियर

हाल ही में प्रकाशित विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की अध्ययन रिपोर्ट बताती है कि दुनियाभर में लगभग एक अरब लोग मानसिक बीमारियों से जूझ रहे हैं। यानी दुनिया में हर 8 में से एक व्यक्ति चिंता या अवसाद का शिकार है। वर्ष 2020 में दुनिया के सामने आई कोरोना महामारी ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को बढ़ा दिया है। जहां तक भारत का संबंध है, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, इस वर्ष 2022 के अंत तक भारत की 20 फीसदी जनसंख्या मानसिक स्वास्थ्य की किसी ना किसी परेशानी से जूझते हुए दिखाई दे सकती है। वस्तुतः भूमंडलीकरण और उदारीकरण के साथ कोविड-19 के कारण आदमी की मानसिक स्थिति चिंता, अवसाद और तनाव जैसी समस्यायें बढ़ती जा रही हैं, वैसे-वैसे मनोविज्ञान की उपयोगिता बढ़ती जा रही है। ऐसे में मनोविज्ञान विषय युवाओं की पसंद बनता जा रहा है।

मनोविज्ञान में कॅरियर की स्किल्स

मनोविज्ञान में आकर्षक कॅरियर बनाने के लिए व्यक्तियों, उनकी सोच-पद्धतियों,

सामाजिक प्रवृत्तियों तथा मानव संबंधों की जटिलताओं में रुचि होनी चाहिए। मनोविज्ञान से संबंधित कॅरियर में सफल होने के लिए अच्छे संचार कौशल, संवेदनशीलता, धैर्य, सहानुभूति, वास्तविकता एवं ऐसे अन्य गुणों का विकास करने की आवश्यकता होती है। मरीज के प्रति पूर्वाग्रह रहित होकर काम करना होता है। काउंसलिंग के लंबे घंटे शारीरिक रूप से थकाने वाले हो सकते हैं। स्वयं के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होता है। संवेदनशीलता, मरीज से भावनात्मक जुड़ाव से अलग रहते हुए उसका इलाज करना एक चुनौती होती है।

मनोविज्ञान में कॅरियर के विविध क्षेत्र

कॅरियर निर्माण की दृष्टि से मनोविज्ञान की कई विधाएं हैं। इनमें प्रमुख रूप से शैक्षिक मनोविज्ञान, बाल मनोविज्ञान, सामाजिक मनोविज्ञान, औद्योगिक मनोविज्ञान, प्रायोगिक मनोविज्ञान, खेल मनोविज्ञान, नैदानिक मनोविज्ञान (क्लिनिकल साइकोलॉजी), मनोविकृति मनोविज्ञान आदि शामिल हैं। कोविड-19 के बाद परामर्श मनोविज्ञान- तेजी से आगे बढ़ा है। परामर्श मनोविज्ञान प्रैक्टिशनर्स, जिन्हें परामर्शदाता कहा जाता है, व्यक्तियों से बात करते हैं, उनकी मानसिक स्थिति को समझते हैं तथा उन्हें परेशान करने वाली समस्याओं से उबरने के श्रेष्ठ उपाय उन्हें सुझाते हैं। काउंसलर और साइकोलॉजी थैरेपिस्ट में खास अंतर यह है कि काउंसलर परामर्शदाता के रूप में ही किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद कर सकता है। वह साइकोलॉजिकल टेस्टिंग या एक साइकोलॉजी थैरेपिस्ट के तौर पर प्रैक्टिस नहीं कर सकता। वस्तुतः बिना किसी योग्य प्रशिक्षण के साइकोलॉजी थैरेपी की प्रैक्टिस मान्य नहीं होती।

मनोविज्ञान में कॅरियर के मौके

एक मनोवैज्ञानिक के रूप में आपका कार्य क्षेत्र मुख्य रूप से आपके द्वारा चुनी

गई विशेषज्ञता पर निर्भर करेगा। मनोवैज्ञानिकों के लिए औद्योगिक एवं सेवा-संगठनों, बड़े अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों सहित शैक्षिक संस्थाओं, व्यावसायिक मार्गदर्शन केंद्रों, समाज कल्याण संगठनों, पुनर्वास केंद्रों तथा प्रसिद्ध गैर सरकारी संगठनों में कार्य के अवसर उपलब्ध होते हैं। कई मामलों में, मनोवैज्ञानिक को मानव संसाधन विभागों तथा कॉर्पोरेट जगत के प्रशिक्षण केंद्रों में कार्य के अवसर प्राप्त होते हैं। बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस), संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) जैसे संगठनों को भी मनोवैज्ञानिकों की सेवाओं की आवश्यकता होती है। मनोविज्ञान के छात्रों के लिए अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं में क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट या काउंसलर के रूप में काम करने का भी एक बड़ा अवसर है। आज निजी और सरकारी दोनों तरह के अस्पतालों में काउंसलर नियुक्त होते हैं। मनोविज्ञान के कोर्स को करने के उपरांत कॉलेज और विश्वविद्यालयों में मनोविज्ञान के छात्रों को अध्यापन करने का मौका मिलता है।

यह भी उल्लेखनीय है कि मैनेजमेंट संस्थान बिजनेस कम्युनिकेशन और एच.आर. का विषय पढ़ाने के लिए मनोविज्ञान के छात्रों को अपने यहां रख रहे हैं। निजी कंपनियों के अलावा डीआरडीओ लैब में साइंटिस्ट बी-ग्रेड में मनोविज्ञान के छात्रों की नियुक्ति होती है। इसके लिए जरूरी है कि आपके पास मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री हो। हाल के वर्षों में मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञों की मांग में काफी इजाफा हुआ है। साथ ही कोविड-19 ने समाज के लिए मनोवैज्ञानिकों की जरूरत बढ़ा दी है।

मनोविज्ञान से संबंधित पाठ्यक्रम

एक स्वतंत्र विषय के रूप में मनोविज्ञान का अध्ययन अधिकांशतः कला विधा में बारहवीं स्तर पर किया जा सकता है। स्नातक स्तर पर इस विषय का अध्ययन अन्य विषयों के एक युग्मक के साथ किया जा सकता है। देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और मनोविज्ञान से सम्बद्ध विशेष नेशनल इंस्टीट्यूट में मनोविज्ञान से संबंधित

सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएशन के विभिन्न कोर्स उपलब्ध हैं। इनमें बीए/बीए ऑनर्स इन साइकोलॉजी, एमए/एमएससी इन साइकोलॉजी, पीजी डिप्लोमा इन साइकोलॉजी। सर्टिफिकेट कोर्स फॉर काउंसलिंग, डिप्लोमा इन साइकोलॉजिकल मेडिसिन, मेडिसिन एंड सोशल साइकोलॉजी, क्लीनिकल साइकोलॉजी में पीएच.डी., साइक्रेट्रिक नर्सिंग में डिप्लोमा आदि भी डिमांड में हैं। यद्यपि साइकोलॉजी टेस्टिंग के ऑनलाइन कोर्स भी उपलब्ध हैं, लेकिन साइकोलॉजी का रेगुलर कोर्स करना ज्यादा फायदेमंद होता है। इसमें व्यवहारिक तौर पर अधिक उपयोगी सीखने को मिलता है। यदि आप मनोविज्ञान के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो अपनी उपयुक्तता के अनुरूप किसी गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक संस्थान से मनोविज्ञान का उपयुक्त कोर्स करके कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित पहले क्रिकेटर हैं?**
(अ) कपिल देव
(ब) सचिन तेंदुलकर
(स) अजय जडेजा
(द) राहुल द्रविड़

2. **भारत ने कितनी बार एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) तीन बार
(ब) पांच बार
(स) सात बार
(द) इनमें से कोई नहीं

3. **इंटरनेशनल वॉलीबॉल फेडरेशन की स्थापना किस वर्ष की गई थी?**
(अ) वर्ष 1945 (ब) वर्ष 1947
(स) वर्ष 1949 (द) वर्ष 1950

4. **कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी किस खेल से संबंधित प्रतियोगिता है?**
(अ) क्रिकेट (ब) हॉकी
(स) बैडमिंटन (द) शतरंज

5. **रहीम स्टर्लिंग किस देश के स्टार फुटबॉलर हैं?**
(अ) इटली (ब) जर्मनी
(स) हंगरी (द) इंग्लैंड

6. **वर्ष 2017 में किस देश ने यूएफा महिला यूरो कप का खिताब जीता था?**
(अ) जर्मनी (ब) बेल्जियम
(स) नीदरलैंड (द) इटली

7. **ईरानी ट्रॉफी किस खेल की एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है?**
(अ) हॉकी (ब) क्रिकेट
(स) फुटबॉल
(द) इनमें से कोई नहीं

8. **टोक्यो ओलिंपिक में किस देश ने सबसे ज्यादा स्वर्ण पदक जीते हैं?**
(अ) अमेरिका (ब) चीन
(स) जापान (द) इटली

9. **वन-डे इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?**
(अ) जवागल श्रीनाथ
(ब) हरभजन सिंह
(स) अनिल कुंबले
(द) जहीर खान

10. **ओलिंपिक म्यूजियम किस शहर में स्थित है?**
(अ) पेरिस (ब) एथेंस
(स) म्युनिख (द) लुसाने

11. **शतरंज में ग्रैंड मास्टर नॉर्म हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला हैं?**
(अ) कोनेरू हम्पी
(ब) हरिका द्रोणवल्ली
(स) एस. विजयलक्ष्मी
(द) इनमें से कोई नहीं

12. **चेतेश्वर पुजारा ने टेस्ट क्रिकेट में कितने शतक बनाये हैं?**
(अ) 16 (ब) 18
(स) 20 (द) 22

13. **किस देश ने सबसे ज्यादा बार फीफा महिला वर्ल्डकप का खिताब जीता है?**
(अ) अमेरिका (ब) इंग्लैंड
(स) बेल्जियम (द) नीदरलैंड

14. **वर्ष 2017 में किस देश ने फीफा अंडर-17 वर्ल्डकप जीता है?**
(अ) फ्रांस (ब) इंग्लैंड
(स) ब्राजील (द) मैक्सिको

15. **इस वर्ष किस राज्य ने रणजी ट्रॉफी अपने नाम की है?**
(अ) मध्यप्रदेश (ब) कर्नाटक
(स) तमिलनाडु (द) पंजाब

16. **वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी ने सोफिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता है?**
(अ) डेनिल मेदवेदेव
(ब) डेविड गोफिन
(स) गेल मोन्फिल्स
(द) जेनिक सिनर

17. **भारतीय हॉकी टीम ने किस वर्ष ओलिंपिक खेलों में आखिरी बार स्वर्ण पदक जीता था?**
(अ) वर्ष 1952 (ब) वर्ष 1964
(स) वर्ष 1980 (द) वर्ष 1984

18. **सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट क्रिकेट में कितने दोहरे शतक बनाए हैं?**
(अ) पांच (ब) छह
(स) सात (द) इनमें से कोई नहीं

19. **इस वर्ष वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की जा रही है?**
(अ) अमेरिका (ब) जापान
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) द. अफ्रीका

20. **मारिया शारापोवा किस देश की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी हैं?**
(अ) अमेरिका (ब) रूस
(स) बेलारूस (द) पोलैंड

21. **वर्ष 2004 में इनमें से किस देश ने यूएफा यूरो कप जीता है?**
(अ) फ्रांस (ब) पुर्तगाल
(स) ग्रीस (द) स्पेन

22. **योगेश्वर दत्त ने किस ओलिंपिक में कुश्ती में कांस्य पदक जीता है?**
(अ) बीजिंग ओलिंपिक
(ब) लंदन ओलिंपिक
(स) रियो ओलिंपिक
(द) इनमें से कोई नहीं

23. **अंजू बॉबी जॉर्ज किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं?**
(अ) लंबी कूद (ब) ऊंची कूद
(स) बाधा दौड़ (द) मैराथन दौड़

24. **बाउंसर और बीमर टर्म का प्रयोग किस खेल में होता है?**
(अ) फुटबॉल (ब) टेनिस
(स) हॉकी (द) क्रिकेट

25. **टेनिस स्टार ईगा स्वितेक किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) पोलैंड (ब) यूक्रेन
(स) सर्विया (द) लात्विया

उत्तर

1. (ब), 2. (स), 3. (ब), 4. (अ), 5. (द), 6. (स), 7. (ब), 8. (अ), 9. (स), 10. (द), 11. (स), 12. (ब), 13. (अ), 14. (ब), 15. (अ), 16. (द), 17. (स), 18. (ब), 19. (अ), 20. (ब), 21. (स), 22. (ब), 23. (अ), 24. (द), 25. (अ)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

चीन सितम्बर 2023 में आयोजित करेगा एशियाई खेल

बीजिंग, चीन अगले वर्ष एशियाई खेलों का आयोजन 23 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक करेगा। यह जानकारी एशियाई ओलिंपिक परिषद (ओसीए) ने दी। ओसीए ने बताया कि 19वें एशियाई खेल चीन के हांगझोऊ शहर में आयोजित किये जायेंगे। इन एशियाई खेलों का आयोजन इस वर्ष 10 से 25 सितम्बर तक होना था, लेकिन चीन में कोरोना वायरस के मामले बढ़ने के बाद छह मई 2022 को इन खेलों को स्थगित कर दिया गया था। ओसीए ने एक बयान जारी कर कहा कि टास्क फोर्स ने पिछले दो महीनों में चीन ओलिंपिक समिति और आयोजन समिति के साथ खेलों के आयोजन के लिये उपयुक्त समय ढूंढने पर काफी विचार-विमर्श किया।

नरिंदर बत्रा ने एफआईएच अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, भारत के अनुभवी खेल प्रशासक नरिंदर बत्रा ने इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। बत्रा ने अपना इस्तीफा एफआईएच और भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन को भेजकर पद छोड़ने की जानकारी दी। 25 मई को दिल्ली उच्च न्यायालय ने हॉकी इंडिया में आजीवन सदस्य के पद को खत्म कर दिया था, इसके बाद बत्रा को भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा। हालांकि बत्रा ने इस्तीफे की वजह निजी कारण बताया है। बत्रा बतौर आईओए अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) के सदस्य भी थे। इस इस्तीफे के बाद बत्रा आईओसी से भी हट गये हैं।

बार्सिलोना के लिये खेलेंगे लेवानडोवस्की

बार्सिलोना, बायर्न म्युनिख के फुटबॉलर रॉबर्ट लेवानडोवस्की अब स्पेन के मशहूर फुटबॉल क्लब बार्सिलोना के लिये खेलते हुये नजर आयेंगे। लेवानडोवस्की ने 50 मिलियन यूरो में बार्सिलोना के साथ डील साइन की है। जर्मन फुटबॉल क्लब बायर्न म्युनिख ने इस बात की पुष्टि की है कि उन्होंने बार्सिलोना के साथ लेवानडोवस्की को स्पेनिश क्लब को बेचने के लिये समझौते पर सहमति व्यक्त की है। लेवानडोवस्की ने कहा कि मैं बार्सिलोना क्लब में शामिल होने के लिये उत्साहित हूं। मेरा फोकस बार्सिलोना को टॉप पोजिशन पर वापस लाकर ज्यादा से ज्यादा खिताब जिताने पर होगा।

तमीम इकबाल ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट को कहा अलविदा

ढाका, बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। तमीम ने वेस्टइंडीज दौरे पर वन-डे सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच के बाद संन्यास लेने की घोषणा की। तमीम ने कहा कि मैं तत्काल प्रभाव से ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। तमीम ने एक सितम्बर, 2007 को केन्या के खिलाफ ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था। उन्होंने आखिरी ट्वेंटी-20 मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ 9 मार्च, 2020 को मीरपुर में खेला था। तमीम ने 78 ट्वेंटी-20 मैचों में बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया है। इन मैचों में उन्होंने 1758 रन बनाये हैं। इनमें एक शतक और सात अर्धशतक भी शामिल हैं। तमीम ने कहा कि अब वे वन-डे और टेस्ट क्रिकेट पर फोकस करना चाहते हैं।

भारत-इंग्लैंड वन-डे सीरीज

भारत ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया

मैनचेस्टर, भारत ने ट्वेंटी-20 सीरीज के बाद वन-डे सीरीज में भी इंग्लैंड को पटखनी दी है। भारत ने मैनचेस्टर में खेले गये सीरीज के तीसरे वन-डे मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से मात दी। भारत की जीत के हीरो विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत रहे। पंत ने नाबाद शतकीय पारी खेल भारत को जीत दिलाई।

मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने अपने पहले ओवर में जॉनी बेयरस्टो और जो रूट को आउट कर भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाज बिना खाता खोले पवेलियन लौट गये। इसके बाद जेसन रॉय (41) और बेन स्टोक्स (27) ने पारी को संभाला। इनके अलावा जोस बटलर (60), मोइन अली (34) और लियाम लिविंगस्टोन (27) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। इसके अलावा पुछल्ले बल्लेबाज क्रेग ओवरटर्न (32) ने भी अच्छी पारी खेल इंग्लैंड को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड की टीम 259 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत के हार्दिक पंड्या ने 4, युजवेंद्र चहल ने 3, मोहम्मद सिराज ने 2 तथा रविन्द्र जडेजा ने एक विकेट लिया।

आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय क्रिकेट टीम की शुरुआत खराब रही। टीम के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन (1) 13 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गये। इसके बाद रोहित शर्मा (17) तथा विराट कोहली (17) ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन 72 रन के स्कोर तक 4 विकेट गिरने से भारतीय टीम संकट से घिर गई। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या ने भारतीय पारी को संभाला और संभलकर बल्लेबाजी की। पंड्या ने आक्रामक पारी खेलते हुये 55 गेंदों में 71 रन बनाये, वहीं ऋषभ पंत ने शुरुआत में धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी की। पंत ने क्रीज पर जमने के बाद आकर्षक शॉट जमाये और 125 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेल भारत को जीत दिलाई। पंत ने अपनी पारी के दौरान 16 चौके और 2 छक्के लगाये।

इससे पहले सीरीज का पहला मैच भारत ने 10 विकेट से जीता, वहीं दूसरा मैच इंग्लैंड ने 100 रन से जीता था। सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले हार्दिक पंड्या को मैन ऑफ द सीरीज तथा ऋषभ पंत को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

- **भारत ने आठ वर्ष बाद इंग्लैंड में वन-डे सीरीज जीती है।**
- **इससे पहले भारत ने वर्ष 2014 में वन-डे सीरीज जीती थी।**
- **रोहित शर्मा के फुल टाइम कप्तान बनने के बाद भारत ने लगातार सातवीं बार सीरीज जीती है।**
- **भारत ने रोहित की कप्तानी में चार ट्वेंटी-20, दो वन-डे और एक टेस्ट सीरीज जीती है।**
- **ऋषभ पंत के वन-डे कॅरियर का यह पहला शतक है। ऋषभ टेस्ट क्रिकेट में 5 शतक बना चुके हैं।**
- **ऋषभ ने मौजूदा दौरे पर पांचवें टेस्ट मैच में भी शतकीय पारी खेली थी।**

खेल पुरस्कार 2022 के लिए आवेदन आमंत्रित

भोपाल, मध्यप्रदेश के वर्ष 2022 के सर्वोच्च खेल पुरस्कार- एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, लाइफटाइम अचीवमेंट एवं स्वर्गीय प्रभाष जोशी पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त निर्धारित की गई है।

खेल पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के 'अनुदान' एप पर किए जा सकते हैं। आवेदन विभागीय वेबसाइट पर दी गई लिंक अथवा सीधे http://anudan.dsywmp.gov.in पर भी किये जा सकते हैं।

खेल और युवा कल्याण विभाग के नवीन पुरस्कार नियम 2021 के अनुसार विगत 5 वर्षों (एक अप्रैल 2017-31 मार्च 2022) में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। साहसिक खेल (समुद्र, जमीन एवं वायु आधारित) के खिलाड़ियों को विक्रम एवं एकलव्य पुरस्कार दिये जायेंगे।

आवेदक को ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उसकी प्रति जिस पर पंजीयन क्रमांक अंकित हो के साथ खेल प्रमाण-पत्र एवं अन्य अभिलेखों की छायाप्रति संबंधित जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय/ संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण टी.टी. नगर स्टेडियम भोपाल में 16 अगस्त तक जमा कराना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किए जाएंगे।

सर्वोच्च राज्य खेल पुरस्कार एकलव्य में 15 खिलाड़ियों को एक-एक लाख रुपये दिए जाएंगे। विक्रम पुरस्कार 12 खिलाड़ियों को 2-2 लाख रुपये, विश्वामित्र पुरस्कार तीन प्रशिक्षकों को 2-2 लाख रुपये, मलखंब खेल के लिए दिए जाने वाले स्वर्गीय प्रभाष जोशी पुरस्कार के लिए 2 लाख रुपये तथा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के लिए दो लाख रुपये का पुरस्कार निर्धारित है।

पीवी सिंधु ने पहली बार जीता सिंगापुर ओपन का खिताब

सिंगापुर, ओलिंपिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधु ने सिंगापुर ओपन बैडमिंटन सुपर 500 टूर्नामेंट का खिताब जीता है। सिंधु ने महिला एकल फाइनल में चीन की वांग झी यी को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हराया। सिंधु ने महत्वपूर्ण लम्हों पर धैर्य बरकरार रखते हुए कड़े मुकाबले में एशियाई चैंपियनशिप की मौजूदा चैंपियन खिलाड़ी को 21-9, 11-21, 21-15 से हराया।

पीवी सिंधु को वांग झी यी को हराना इतना आसान नहीं रहा। तीन सेट तक चले मैच में पीवी सिंधु ने जीत के साथ आगाज किया, लेकिन इसके बाद उन्हें दूसरे सेट में 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, तीसरे सेट में पीवी सिंधु का अनुभव उनके काम आया और तीसरा सेट सिंधु ने 21-15 से जीत लिया।

सिंधु ने महत्वपूर्ण लम्हों पर धैर्य को बरकरार रखते हुए कड़े मुकाबले में एशियाई चैंपियनशिप की मौजूदा चैंपियन चीन की वांग झी यी को पटखनी दी। इस खितावी जीत से सिंधु का आत्मविश्वास बढ़ेगा।

इस साल का तीसरा खिताब

दो बार की राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता सिंधु 28 जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी। दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता सिंधु ने इस साल सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय और स्विस ओपन खिताब अपने नाम किए हैं। सिंगापुर ओपन उनका इस साल का तीसरा खिताब है।

निशानेबाजी विश्वकप

मध्यप्रदेश के ऐश्वर्य ने जीता स्वर्ण पदक

चांगवोन, मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने दक्षिण कोरिया में आयोजित आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुये स्वर्ण पदक जीता है। ऐश्वर्य ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया।

ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा के फाइनल में हंगरी के जलान पेकलर को 16-12 से हराया। इसके अलावा ऐश्वर्य ने इस विश्वकप में एक रजत पदक भी जीता है। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन टीम स्पर्धा में भारतीय टीम ने रजत पदक जीता है। टीम में ऐश्वर्य के अलावा चेन सिंह और संजीव राजपूत शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को बधाई देते हुये कहा कि ऐश्वर्य ने अपने अद्भुत और अद्वितीय खेल से देश और मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। हमारे खिलाड़ियों के जुनून एवं लगन ने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर मध्यप्रदेश की एक अलग पहचान स्थापित की है।

मेराज ने स्कीट में जीता स्वर्ण पदक

विश्वकप में भारतीय निशानेबाज मेराज अहमद खान ने इतिहास रचा। मेराज ने विश्वकप में पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। मेराज निशानेबाजी विश्वकप में स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष निशानेबाज हैं। मेराज ने स्पर्धा के फाइनल में 37 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीता। स्पर्धा में दक्षिण कोरिया के मिंसु किम (36) ने रजत तथा ब्रिटेन के वेन लीवेलिन (26) ने कांस्य पदक जीता।

भारत ने निशानेबाजी विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुये 5 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक और 4 कांस्य पदक सहित कुल 15 पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। विश्वकप में दक्षिण कोरिया ने पदक तालिका में दूसरा तथा चेक रिपब्लिक ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

विश्वकप में भारत ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा, 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा, 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन, एयर राइफल पुरुष टीम स्पर्धा और स्कीट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।

- **ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने दूसरी बार आईएसएसएफ विश्वकप में स्वर्ण पदक जीता है।**
- **ऐश्वर्य ने वर्ष 2021 में भी विश्वकप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में स्वर्ण पदक जीता था।**

विश्व एथेलेटिक्स चैंपियनशिप

महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में जमैका का क्लीन स्वीप

यूजीन, अमेरिका में खेली जा रही विश्व एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में जमैका की महिला एथलीटों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। जमैका की महिला एथलीटों ने 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में शानदार क्लीन स्वीप करते हुये तीनों पदक अपने नाम किये। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जमैका की शैली एन. फ्रेजर प्राइस ने जीता, वहीं उनकी हमवतन शेरिका जैक्सन ने रजत तथा एलिन थॉम्पसन हेराह ने कांस्य पदक अपने नाम किया। शैली ने विश्व चैंपियनशिप में 10.67 सेकेंड में 100 मीटर दौड़ पूरी की, जो कि नया चैंपियनशिप रिकॉर्ड है। चैंपियनशिप में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में अमेरिका ने क्लीन स्वीप किया। स्पर्धा में अमेरिका के फ्रेड कार्ले ने स्वर्ण, मार्विन ब्रेसी ने रजत तथा ट्रेयवोन ब्रोमेल ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

कैमरून स्मिथ बने ब्रिटिश ओपन गोल्फ चैंपियन

सेंट एंड्रयूज, ऑस्ट्रेलिया के गोल्फर कैमरून स्मिथ ने ब्रिटिश ओपन गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। स्मिथ ने चैंपियनशिप में अमेरिका के गोल्फर कैमरून यंग को एक स्ट्रोक के अंतर से हराया। स्मिथ के गोल्फ कॅरियर का यह पहला मेजर खिताब है। इसके साथ ही स्मिथ वर्ष 1993 के बाद ब्रिटिश गोल्फ चैंपियनशिप जीतने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई गोल्फर हैं। वर्ष 1993 में ऑस्ट्रेलिया के ग्रेग नॉर्मन विजेता बने थे।

बेन स्टोक्स ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

लंदन, इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। स्टोक्स ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना आखिरी वन-डे मैच खेला। स्टोक्स ने सोशल मीडिया के जरिये संन्यास की घोषणा करते हुये कहा कि क्रिकेट के तीनों प्रारूप खेलना अब मेरे लिये संभव नहीं है। अब मैं वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपना सौ प्रतिशत नहीं दे पा रहा हूं। यह मेरे लिये बहुत मुश्किल निर्णय रहा। अब मैं टेस्ट और ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करूंगा। स्टोक्स ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 105 मैचों में 74 विकेट लिये हैं तथा 2924 रन बनाये हैं। बेन स्टोक्स वर्ष 2019 में इंग्लैंड की वन-डे विश्वकप जीत के हीरो रहे थे। स्टोक्स ने विश्वकप फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 84 रनों की नाबाद पारी खेली थी। स्टोक्स इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

भारत के लिए एस-400 मिसाइल प्रणाली पाने की राह हुई आसान

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने भारत को रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के लिए सीएएटीएसए प्रतिबंधों से खास छूट दिलाने वाले एक संशोधित विधेयक को पारित किया। भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने इस संशोधन विधेयक को पेश किया। इसमें राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन से भारत को आक्रामक रुख वाले देश को रोकने में मदद करने के लिए 'काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सेक्शंस एक्ट' (सीएएटीएसए) से छूट दिलाने के लिए अपने अधिकार का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया गया है। खन्ना ने कहा कि अमेरिका को चीन के बढ़ते आक्रामक रुख के मद्देनजर भारत के साथ खड़ा रहना चाहिए। यह संशोधन अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

हमेशा समझौते का विरोध किया

अमेरिका एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली की खरीदी का हमेशा से विरोध करता रहा है। वह इस सिस्टम को खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगा देता है।

राष्ट्रपतीय निर्वाचन 2022

देश की 15वीं राष्ट्रपति बनीं द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचन अधिकारी और राज्यसभा महासचिव पी.सी. मोदी ने मतगणना पूरी होने के बाद श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के नाम की घोषणा की। राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को 64 प्रतिशत और विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को 36 प्रतिशत वोट मिले।

श्रीमती द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति पद पर आसीन होने वाली पहली जनजातीय महिला हैं। 64 वर्षीय द्रौपदी मुर्मू देश की सबसे कम उम्र की राष्ट्रपति होंगी। वह भारत की पहली राष्ट्रपति होंगी जिनका जन्म स्वतंत्रता के बाद हुआ है। 1997 में श्रीमती मुर्मू पहली बार राजनीति में शामिल हुईं और ओडिशा के मयुरभंज जिले के रायरंगपुर अधिसूचित क्षेत्र परिषद में पार्षद चुनी गईं। उन्होंने 2002 से 2009 तक रायरंगपुर विधासभा क्षेत्र से दो बार विधायक और एक बार ओडिशा सरकार में वाणिज्य, परिवहन, मत्स्य पालन और पशु संसाधन विकास मंत्री के रूप में कार्य किया। श्रीमती मुर्मू ने 18 मई, 2015 को झारखंड के राज्यपाल के रूप में शपथ ली थी और पिछले साल 12 जुलाई तक इस पद पर रहीं। वह राज्य की पहली महिला राज्यपाल थीं और किसी भी भारतीय राज्य में राज्यपाल के रूप में सेवा करने वाली पहली महिला आदिवासी नेता थीं।

राष्ट्रपति श्री कोविंद, उप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई

निवर्तमान राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद ने श्रीमती मुर्मू को देश का 15वां राष्ट्रपति चुने जाने पर शुभकामनाएं दीं। उप राष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडु ने उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में उनका अनुभव, निःस्वार्थ सेवा भावना और आम लोगों की समस्याओं की गहरी समझ से राष्ट्र को लाभ होगा। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि उनके सशक्त मार्गदर्शन में देश की जनता नए भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा सकेगी।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें भारत के राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर बधाई दी। ट्वीट्स की एक श्रृंखला में प्रधानमंत्री ने कहा; 'भारत ने इतिहास रचा है। ऐसे समय में जब 1.3 अरब भारतीय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, भारत के जनजातीय समुदाय की बेटी को हमारा राष्ट्रपति चुना गया है, जिनका जन्म पूर्वी भारत के एक सुदूर हिस्से में हुआ था! श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को इस उपलब्धि पर बधाई।'

'श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी का जीवन, उनके शुरुआती संघर्ष, उनकी समृद्ध सेवा और उनकी अनुकरणीय सफलता प्रत्येक भारतीय को प्रेरित करती है। वे हमारे नागरिकों, विशेष रूप से गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के लिए आशा की किरण के रूप में उभरी हैं।'

'श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी श्रेष्ठ विधायक और मंत्री रही हैं। झारखंड के राज्यपाल के रूप में उनका कार्यकाल उत्कृष्ट रहा है। मुझे यकीन है कि वे एक विशिष्ट राष्ट्रपति होंगी, जो सामने से नेतृत्व करेंगी और भारत की विकास यात्रा को मजबूत करेंगी।' 'मैं विभिन्न दलों के उन सभी सांसदों और विधायकों को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। उनकी रिकॉर्ड जीत हमारे लोकतंत्र के लिए अच्छी बात है।'

श्रीलंका के

नये राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे बने

श्रीलंका की संसद ने रानिल विक्रमसिंघे को देश का नया राष्ट्रपति निर्वाचित किया। श्रीलंका में नये राष्ट्रपति के चुनाव के लिये मतदान हुआ था। विक्रमसिंघे (73) को 225 सदस्यीय सदन में 134 सदस्यों का मत हासिल हुआ। मुकाबला कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, डलास अल्हाप्पेरुमा और वामपंथी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच था। देश में अब तक के सबसे भीषण आर्थिक संकट से निपटने में सरकार की नाकामी के बाद लोग सड़कों पर उतर आये

थे और राजनीतिक उथल-पुथल तथा देश में फैले अराजकता के माहौल के बीच गोटबाया राजपक्षे ने राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था।

दिनेश गुणवर्धने श्रीलंका के प्रधानमंत्री बने

दिनेश गुणवर्धने श्रीलंका के नये प्रधानमंत्री बन गये हैं। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। 73 साल के गुणवर्धने एजुकेशन मिनिस्टर रह चुके हैं।

उन्हें साल 2020 के संसदीय चुनाव के बाद विदेश संबंध मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। वे रानिल विक्रमसिंघे के सहपाठी रहे हैं। विक्रमसिंघे और गुणवर्धने की जोड़ी पर अब श्रीलंका को आर्थिक

संकट से उबारने का भार है। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने श्रीलंका के नये प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने को शपथ दिलाई।

सूडान में

दो जनजातियों के बीच हिंसक झड़प

सूडान के दक्षिण पूर्वी ब्लू नाइल राज्य में दो जनजातियों के बीच हिंसक झड़प में मरने वालों की संख्या बढ़कर 65 हो गई। इसके अलावा, 192 लोग घायल हैं जबकि 120 परिवार विस्थापित हुए। अल-सुदानी समाचार पत्र ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री जमाल नासिर एलसैयद के हवाले से यह जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि पीड़ितों में अधिकतर युवा थे जिन्हें या तो गोली मारी गई या छुरा घोंपा गया। खार्तूम में, सूडान की सुरक्षा और रक्षा परिषद ने ब्लू नाइल राज्य में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा करने के लिए एक आपातकालीन बैठक की। परिषद ने अटार्नी जनरल को एक तथ्य-खोज समिति बनाने का निर्देश दिया और राज्य की सुरक्षा समिति से देशद्रोह और हिंसा भड़काने वालों के खिलाफ आवश्यक कानूनी उपाय करने का आह्वान किया।

स्थानीय निवासियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने

बताया कि बर्टी और हौसा जनजातियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें आग्नेयास्त्रों और सफेद हथियारों का इस्तेमाल किया गया। ब्लू नाइल राज्य पूर्वी सूडान में इथियोपिया की सीमा पर स्थित है। राज्य में रोजेयर्स बांध है, जो इथियोपिया के पठार से उतरते हुए ब्लू नाइल नदी पर सूडान में सबसे बड़ा बिजली उत्पादन जलाशय बनाता है। आदिवासी संघर्ष के परिणामस्वरूप व्यापक चिंताएं फैल गई हैं कि पहले से ही कमजोर बिजली आपूर्ति अफ्रीकी देश में खराब हो जाएगी। सूडान के लोगों को बिजली की कमी से जूझना पड़ सकता है।

एनआईआईओ सेमिनार 'स्वावलंबन'

भारतीय सेनाओं में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य 21वीं सदी के भारत के लिए बहुत जरूरी - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एनआईआईओ (नौसेना नवाचार और स्वदेशीकरण संगठन) सेमिनार 'स्वावलंबन' को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सेनाओं में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य, 21वीं सदी के भारत के लिए बहुत जरूरी है। आत्मनिर्भर नौसेना के लिए पहले स्वावलंबन सेमिनार का आयोजन होना इस दिशा में अहम कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लिए नए संकल्प लेने के इस दौर में 75 स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का निर्माण एक तरह से पहला कदम है। उन्होंने कहा, "हमें इनकी संख्या को लगातार बढ़ाने के लिए काम करना है। आपका लक्ष्य होना चाहिए कि भारत जब अपनी आजादी के 100 वर्ष का पर्व मनाए, उस समय हमारी नौसेना एक अभूतपूर्व ऊंचाई पर हो।"

देश की गौरवशाली समुद्री परंपरा को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का डिफेंस सेक्टर, आजादी से पहले भी काफी मजबूत हुआ करता था। आजादी के समय देश में 18 ऑर्डनेंस फैक्ट्रीज थीं, जहां आर्टिलरी गन समेत कई तरह के सैनिक साजो-सामान हमारे देश में बना करते थे। दूसरे विश्व युद्ध में रक्षा उपकरणों के हम एक अहम सप्लायर थे। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, "हमारी हॉवित्जर तोपों, इशापुर राइफल फैक्ट्री में बनी मशीनगनों को श्रेष्ठ माना जाता था। हम बहुत बड़ी संख्या में एक्सपोर्ट किया करते थे। लेकिन फिर ऐसा क्या हुआ कि एक समय में हम इस क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े इंपोर्टर बन गए?" उन्होंने कहा कि जिन देशों ने विश्व युद्ध की चुनौती को बड़े हथियारों के निर्यातक के रूप में उभरने के लिए भुनाया, भारत ने भी कोरोना काल के दौरान विपरीत परिस्थितियों को अवसर में बदल दिया और अर्थव्यवस्था, विनिर्माण और विज्ञान में प्रगति की। उन्होंने कहा, 'नवाचार महत्वपूर्ण है और इसे स्वदेशी होना चाहिए। आयातित सामान नवाचार का स्रोत नहीं हो सकता।' उन्होंने आयातित वस्तुओं के प्रति आकर्षण की मानसिकता में बदलाव की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर रक्षा प्रणाली अर्थव्यवस्था के लिए और सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश ने 2014 के बाद इस निर्भरता को कम करने के लिए मिशन मोड में काम किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने अपनी पब्लिक सेक्टर डिफेंस कंपनियों को अलग-अलग सेक्टर में संगठित कर उन्हें नई ताकत दी है। आज हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि आईआईटी जैसे अपने प्रीमियर इंस्टीट्यूशंस को भी हम डिफेंस रिसर्च और इनोवेशन से कैसे जोड़ें। उन्होंने कहा, "बीते दशकों की अप्रोच से सीखते हुए आज हम सबका प्रयास की ताकत से नए डिफेंस इको-सिस्टम का विकास कर रहे हैं। आज डिफेंस आर एंड डी को प्राइवेट सेक्टर, एकेडमिया, एमएसएमई और स्टार्ट-अप के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने उन 300 वस्तुओं की सूची तैयार करने के लिए रक्षा बलों की भी सराहना की, जिनका आयात नहीं किया जाएगा।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 4-5 सालों में हमारा डिफेंस इंपोर्ट लगभग 21 प्रतिशत कम हुआ है। आज हम सबसे बड़े डिफेंस इंपोर्टर के बजाय एक बड़े एक्सपोर्टर की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 13 हजार करोड़ रुपये मूल्य का 70 प्रतिशत से अधिक रक्षा निर्यात निजी क्षेत्र से हुआ था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरे भी व्यापक हो गए हैं, युद्ध के तौर-तरीके भी बदल रहे हैं। पहले हम सिर्फ जमीन, समुद्र, आकाश तक ही अपने डिफेंस की कल्पना करते थे। अब दायरा स्पेस यानि अंतरिक्ष की तरफ बढ़ रहा है, साइबरस्पेस की तरफ बढ़ रहा है, आर्थिक, सामाजिक स्पेस की तरफ बढ़ रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए आगे बढ़ना होगा और उसी के मुताबिक खुद को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आत्मनिर्भरता से देश को काफी मदद मिलेगी।

वाइडेन ने यूएई के

राष्ट्रपति को व्हाइट हाउस आने का न्योता दिया

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति को व्हाइट हाउस आने का न्योता दिया है।

सऊदी अरब में शिखर सम्मेलन से पहले दोनों ने बैठक की। शेख मोहम्मद बिन जायद को उनके भाई की मृत्यु के बाद मई में सर्वसम्मति से यूएई के राष्ट्रपति के रूप में नियुक्त किया गया था। हालांकि सऊदी अरब की तरह बाइडेन प्रशासन और अबू धाबी के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं।

यूएई ने बाइडेन से यमन के हूती विद्रोहियों को एक आतंकवादी समूह के रूप

में सूचीबद्ध करने संबंधी निर्णय को वापस लेने का आह्वान किया है। राष्ट्रपति बाइडेन ने सऊदी अरब में अपने अंतिम दिन की शुरुआत इराकी प्रधानमंत्री मुस्तफा अल-कदीमी से मुलाकात करके की।

कदीमी पिछले साल विस्फोटक ड्रोन से किये गये हमले में बच गए थे। देश में कुछ लोगों ने हमले के लिए ईरानी समर्थित गुटों को जिम्मेदार ठहराया है।

बाइडेन ने कहा कि वह इराक के लोकतंत्र का समर्थन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "मैं चाहता हूं कि प्रेस और आपको पता चले कि हम ऐसा करने में मददगार बनना चाहते हैं।"

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।